हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# आधे घंटे की बारिश में आधे शहर में ब्लैक आउट

## जगह-जगह जाम, नालियां ओवरफ्लो, डीडीनगर, टिकरापारा में पेड़ गिरा

- सड़क से लेकर गलियों में भर गया गंदा पानी
- गोंडवाना भवन के पीछे पेड़ गिरा, निगम के बाढ़ प्रकोष्ठ की टीम नदारद
- समता कालोनी, मरही माता मंदिर के पास, एकात्म परिसर के सामने, प्रोफेसर कालोनी, न्यू कालोनी
- इंदिरा नगर में भरा पानी क्रासिंग में 5-5 फीट की पाइप, एक पाइप जाम, पार्षद पहुंचे हाल जानने


*राजधानी में मंगलवार की शाम आधे घंटे की तेज बारिश में आधे शहर में ब्लैक आउट की स्थिति रही। जगह-जगह ट्रैफिक जाम लगने से लोग परेशान रहे। वहीं शहर के दर्जनभर इलाके में आंधी तूफान के कारण पेड़ गिरने से लोगों को आवागमन में खासी परेशानी उठानी पड़ी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के कई इलाकों में नालियों का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सड़क से होकर गलियों में पूरे वेग के साथ घंटों बहता रहा। जलभराव से निपटने नगर निगम ने बाढ़ प्रकोष्ठ की टीम गठित की है, पर मंगलवार ये टीम कहीं नजर नहीं आई। इधर टिकरापारा के गोंडवाना भवन के पीछे विशाल पेड़ तेज हवा के झोंकों से टूटकर गिरने से आवागमन अवरुद्ध रहा। वहीं डीडीनगर सेक्टर 2 में कम्यूनिटी हाल के सामने विशाल नीम का वृक्ष गिरने से यातायात बाधित रहा। इसी तरह टिकरापारा के नूतन स्कूल के पास तेज हवा से पेड़ टूटकर गिरा जिसे मार्ग से हटाने निगम की टीम लगी रही।


शहर में गरज-चमक के साथ हुई तेज बारिश ने जहां शहरवासियों को गर्मी और उमस से राहत पहुंचाई, वहीं नाले-नालियों में जाम लगा रहा। कचरों से नालियां ओवर फ्लो होकर सड़क से गलियों में पूरे वेग के साथ बहती रहीं। इसके ▶▶शेष पेज 13 पर





### इन इलाकों में परेशानी

भाठागांव रिंगरोड, पचपेड़ी नाका अंडरब्रिज, संजय नगर, छत्तीसगढ़ नगर, धरम नगर इलाकों में जल भराव से आवागमन में परेशानी हुई। सुंदरनगर, डगनिया टर्निंग पाइंट में घुटना भर पानी भरा रहा। बूढ़ापारा, टिकरापारा में बिजली गुल होने से लोगों को खासी परेशानी हुई। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड की न्यू कालोनी, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3, सेक्टर 2 आदिवासी कालोनी कुशालपुर, परशुराम नगर में जलभराव के कारण सड़क और गलियां लबालब रहीं। गंदा पानी निकालने लोग घंटों लगे रहे।





### रात्रि में जोन की स्पेशल टीम नदारद, बाढ़ प्रकोष्ठ सिर्फ नाम का

जून के दूसरे सप्ताह में प्री मानसूनी बारिश के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की शिकायत दूर करने निगम आयुक्त द्वारा गठित बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में जिन अधिकारियों की डयूटी रही, वे नदारद रहे, जबकि नोडल अधिकारी से लेकर तीन पाली में अलग-अलग जोन के अधिकारियों की डयूटी बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत लगायी गयी है। इसकी मानटरिंग नहीं होने से बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ केवल नाम का रह गया। लोगों की शिकायत सुनने निगम के जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति चर्चा में रही।

## प्री-मानसून गतिविधि ने दिलाई राहत, आधे घंटे में 49 मिमी. वर्षा से शहर सराबोर

प्रदेश में मानसून के आगे बढ़ने की आहट हो गई है। मंगलवार को प्री-मानसून गतिविधि बढ़ने से राजधानी में आधे घंटे के भीतर 49 मिमी. की भारी बारिश दर्ज की गई है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहे। शाम होने के बाद मौसम का मिजाज बदला और आधे घंटे में समूची राजधानी तरबतर हो गई। बारिश थमने की वजह से जून का 9 दिन काफी बेचैनी के बीच गुजरा है। वातावरण में मौजूद नमी के साथ तेज धूप के प्रभाव से बेचैनी दोगुनी हो रही थी। बंगाल की खाड़ी में होने वाली हलचल एक तरह से शांत हो गई थी और मानसून के साथ प्री-मानसून की गतिविधि पर लंबा विराम लग गया था। मंगलवार को हुई बारिश से इंतजार समाप्त हुआ है और आने वाले दिनों में मानसून की दस्तक तक प्री-मानसूनी गतिविधि बनी रहने की संभावना है। छाने वाले बादल से कहीं कहीं होने वाली बारिश के प्रभाव से तापमान में भी गिरावट आने की संभावना बन रही है। आज सुबह से छाए बादलों की वजह से दिन में गर्मी थोड़ी कम रही और अधिकतम तापमान सामान्य यानी 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बादलों को देखते हुए इसके बरसने का अनुमान लगाया जा रहा था, जो सही साबित हुआ और शाम साढ़े 6 बजे के आसपास शुरू हुई तेज हवा, जमकर गर्जना और भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। मौसम विशेषज्ञों के आंकड़ों के अनुसार रायपुर (लालपुर स्थित मौसम वेधशाला) में 49 मिमी. बारिश दर्ज की गई।

- दिनभर छाए बादल शाम होते ही जमकर गरजे और बरसे
- मानसून के नजदीक आने का बन रहा माहौल, तापमान में गिरावट

### 14 जून से आगे बढ़ेगा मानसून

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि दंतेवाड़ा में ठहरा मानसून 14 जून से आगे बढ़ेगा। उसे रफ्तार देने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। अभी एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है। द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण छत्तीसगढ़ और मध्य ओडिशा होते हुए विस्तारित है। दूसरा चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर ओडिशा के ऊपर मौजूद है। हवा का एक शियर जोन 15 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है।

# प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को हेल्थ सेंटर में मिली झिड़की, लापरवाही ऐसी कि जान चली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने रावांभाठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और खमतराई थाने में हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप है कि महिला को बेचैनी होने की शिकायत पर मौजूद वार्ड ब्वाय ने दुर्व्यवहार करने के बाद कोई इंजेक्शन लगाया, जिससे हालत बिगड़ गई। काफी समझाइश के बाद परिजनों को शांत किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच के लिए सीएमएचओ ने चार विशेषज्ञों की टीम गठित की है। रावांभाठा में रहने वाले महेन्द्र निषाद की 24 वर्षीय पत्नी साक्षी को कल रात प्रसव के लिए स्थानीय ▶▶शेष पेज 13 पर

- समझाइश के बाद शव का पोस्टमार्टम, सीएमएचओ ने बनाई जांच कमेटी

### वार्ड ब्वाय पर लापरवाही पूर्वक इंजेक्शन लगाने और दुर्व्यवहार का आरोप



मासूम बच्चा



मृतका साक्षी



### तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि जांच समिति को तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपने निर्देशित किया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिससे मौत की वजह स्पष्ट होगी। डाक्टरों की अनुपस्थिति और वार्ड ब्वाय द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत की भी जांच की जा रही है। लापरवाही पाए जाने पर इनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर मौजूद नहीं वार्ड ब्वाय सोता रहा

साक्षी की बुआ पार्वती ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में रात के वक्त कोई डाक्टर नहीं था और वार्ड ब्वाय अनुपम सोता रहा। वहां तीन अन्य लोगों की डिलीवरी के साथ नसबंदी भी हुई थी। साक्षी की हालत लगातार बिगड़ रही थी, इसके बाद भी डाक्टर को बुलाने के बजाए अनुपम मरीजों और उनके परिजनों पर गुस्सा उतारता रहा। उसने मरीज के बेसुध होने पर यहां तक कह दिया कि नौटंकी हो रही है। रात्रि में वहां काफी सीनियर हो चुके डॉक्टर शैलेन्द्र उपाध्याय की रात्रि डयूटी लगाई गई थी जो मौजूद नहीं थे।

## कार से शराब का अवैध परिवहन करते पकड़े गए दो तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गोबरा नवापारा पुलिस ने कार से अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कूंरा के सोनेसिल्ली रोड स्थित राइस मिल के पास मारुति वैगन आर कार को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें से 144 पौवा देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार में सवार



मनोज टंडन एवं लिखेंद्र सोनवानी निवासी अभनपुर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## रविवि में एसीबी की रेड, पेंशन के बदले 30 हजार रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि में मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रेड मारी। यहां रिश्वत लेते हुए प्रशासनिक भवन के बाबू को रंग हाथ गिरफ्तार किया गया है। रविवि के ही रिटायर कर्मचारी ने वित्त विभाग में पदस्थ क्लर्क दीपक शर्मा की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता प्रकाश ठाकुर लखौली कुछ दिन पूर्व ही रविवि से रिटायर हुए हैं। वे यहां लंबे समय से सेवारत थे। पेंशन व ग्रेच्युटी रुकने के कारण वह लंबे समय से परेशान थे। इससे संबंधित जानकारी लेने और पेंशन नहीं मिलने की वजह पूछने रविवि के वित्त विभाग पहुंचे। यहां वर्ग-2 के कर्मचारी दीपक शर्मा ने उनके काम करने के बदले पैसे की मांग की। ▶▶शेष पेज 13 पर

- रविवि के ही रिटायर कर्मचारी ने की थी एसीबी में शिकायत



### मिलती रही हैं शिकायतें

पूर्व में भी रविवि में इस तरह की शिकायतें मिलती रही हैं। छात्रों द्वारा भी अंकसूची सुधार, माइग्रेशन अथवा इस तरह के अन्य कार्यों के लिए छोटी-मोटी राशि बाबुओं द्वारा लिए जाने की बात कई बार सामने आ चुकी है। हालांकि विवि प्रबंधन द्वारा इसे लेकर कभी भी कोई सख्ती नहीं बरती गई। विवि अध्ययनशाला में ही लंबे समय तक सेवा देने के बाद भी विवि के ही कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की खबर ने सबको हैरान कर दिया है। विवि में कई रिटायर कर्मचारियों के पेंशन व ग्रेज्युटी संबंधित कार्य पेंडिंग हैं, जिनका निपटान अब तक नहीं हो सका है।




मान. केदार कश्यप जी
सहकारिता मंत्री, छ.ग. शासन
माननीय
केदारनाथ गुप्ता जी को
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक),
के चेयरमैन बनाये जाने एवं पदभार ग्रहण करने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश शर्मा
प्रवक्ता, भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश
आशु चंद्रवंशी
पार्षद, दीनदयाल उपाध्याय नगर
सुभाष अग्रवाल
प्रदेश सह-संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ
नितेश दुबे
कार्यालय मंत्री प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ
भाजपा छत्तीसगढ़
राजेश थौरानी
सतीश छुगानी
जिला संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ
विक्की टेकवानी
विनय बजाज
कार्यकारी अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स

# सालभर बाद भी आकार नहीं ले पाया क्षेत्रीय नेत्र संस्थान, मोतियाबिंद जैसी सामान्य सर्जरी के भरोसे माना हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की घोषणा के सालभर बाद भी माना अस्पताल का काम मोतियाबिंद सर्जरी, रेटिना और ग्लोकोमा की जांच के भरोसे चल रहा है। यहां मार्डन ऑपरेशन थियेटर बनाने, जरूरी उपकरण जुटाने के साथ जरूरी स्टाफ की व्यवस्था की भर्ती अभी भी प्रक्रियाधीन है। आई इंस्टिट्यूट बनाने की घोषणा के साथ जरूरी संसाधनों की व्यवस्था के लिए प्रथम किस्त में एक करोड़ की राशि भी जारी करने की घोषणा की गई थी।

राज्य में शासकीय स्तर पर अलग से कोई बड़ा नेत्र चिकित्सा संस्थान नहीं है। नेत्र संबंधी बीमारी की जांच और इलाज की सुविधा सीमित स्तर पर मेडिकल कालेज और जिला अस्पतालों में है। ज्यादातर लोगों को अपनी परेशानी के समाधान के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए सालभर पहले माना में चल नेत्र अस्पताल में रीजनल आई इंस्टिट्यूट का दर्जा देने के लिए आधुनिक सुविधा जुटाने की घोषणा की गई थी। उस दौरान सर्जन सहित लोगों की भर्ती के लिए 61 पद भी स्वीकृत किया गया था और प्रारंभिक सुविधा जुटाने के लिए एक करोड़ की राशि जारी करने की घोषणा भी की गई थी। सालभर का वक्त बीतने के बाद भी क्षेत्रीय नेत्र चिकित्सा संस्थान बनकर तैयार नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक जरूरी संसाधनों की खरीदी की प्रक्रिया सीजीएमएससी के माध्यम से पूरी होनी है। नेत्र विशेषज्ञों की भर्ती पीएससी के माध्यम से की जाएगी और अन्य लोगों की भर्ती के लिए विभागीय सहमति मिलने का इंतजार किया जा रहा है। कोविड काल के बाद से माना अस्पताल के एक हिस्से में मोतियाबिंद की सर्जरी के साथ रेटिना और काला मोतिया की जांच और अन्य तरह की जांच की जा रही है, मगर सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं अभी नहीं मिल पाई हैं।

## माना अस्पताल में बनना था, एक करोड़ की पहली किस्त देने हुई थी घोषणा

### इस बार 21 सौ फेको सर्जरी

अंधत्व निवारण कार्यक्रम के राज्य नोडल अफसर डा. निधि अत्रीवाल ने बताया कि माना हास्पिटल में बीते वित्तीय वर्ष में 2100 लोगों की फेको पद्धति के माध्यम से मोतियाबिंद की सर्जरी की गई है। दावा है कि इसके पूर्व यहां इस सर्जरी की संख्या डेढ़ हजार में सीमित थी। वर्तमान में यहां दो सर्जन रेटिना और ग्लोकोमा की जांच और जरूरी इलाज कर रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग की पीजी छात्रों को यहां ट्रेनिंग दी जा रही है। राष्ट्रीय स्तर के नेत्र संस्थान में 2 डाक्टर फेको सर्जरी और 2 पीडिया आध्यल्मोलॉजी की ट्रेनिंग के लिए गए हैं। उनके आने के बाद यहां बच्चों के नेत्र विकार की जांच और इलाज भी की जाएगी।



### राज्य में 1.45 लाख मोतियाबिंद की सर्जरी

राज्य नोडल अधिकारी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य में 1.40 लाख मोतियाबिंद सर्जरी का लक्ष्य रखा गया था। सरकारी सहित अन्य अस्पतालों को मिलाकर राज्य में 1.45 लाख लोगों को मोतियाबिंद की वजह से अंधत्व की परेशानी से मुक्त कराया गया है। इस तरह विभागीय स्तर पर 104 फीसदी ऑपरेशन पूरे किये गए हैं। आने वाले दिनों में अन्य जिला अस्पतालों में नेत्र संबंधी बीमारी की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एटीएम में रकम जमा कराने गया, 35 हजार पार

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में मशीन के माध्यम से पैसे जमा करने पहुंचे एक व्यक्ति के 35 हजार रुपए चोरी हो गए। प्रार्थी संदीप कुमार मिश्रा निवासी हीरापुर कालोनी कबीरनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी के बैंक खाते में पैसे जमा करने के लिए टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम आउटलेट गया था। मशीन में वह 35 हजार रुपए रखकर उसे जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा था, लेकिन वह कंफर्म बटन दबाना भूलकर एटीएम से बाहर आ गया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मशीन में कैंसिल का बटन दबाकर उसके रुपए निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### गौरीशंकर राठौर

**रायपुर।** एकता नगर गुढ़ियारी निवासी गौरीशंकर राठौर (74) का 10 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नत्थूलाल राठौर के पुत्र और प्रशांत राठौर एवं सागर राठौर के पिता थे।



## दिसंबर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था शुभारंभ

# जोन दफ्तर के तीसरे माले में को-वर्किंग इनोवेशन सेंटर, 250 सीटर क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के भाठागांव स्थित आईएसबीटी कैंपस के तीसरे माले में नगर निगम द्वारा नव उद्यमियों प्रोत्साहित करने को वर्किंग और इनोवेशन सेंटर प्रारंभ किया गया है। 250 सीटर क्षमता वाले इस सेंटर में अभी 60 सीटें सुरक्षित कर ली गयी है, जबकि 190 सीटें अभी खाली हैं। तत्कालीन निगम आयुक्त व वर्तमान धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा की पहल पर इस सेंटर का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इसके अलावा जयस्तंभ चौक की मल्टीलेवल पार्किंग में राजधानी का दूसरा को-वर्किंग स्पेस चल रहा है, जिसे आरंभ का नाम दिया गया है। 110 सीट वाले इस सेंटर में 80 सीटें भरी जा चुकी हैं। स्पेस कम होने के कारण बाकी की सीटों को बचाकर रखा गया है, क्योंकि यहां नव उद्यमियों को प्रशिक्षण के लिए स्पेस की जरूरत पड़ती है। सूत्रों के मुताबिक बेंगलुरु की माइगेट कंपनी की टीम सिक्यूरिटी कम्यूनिटी बेस साफ्टवेयर डेवलप कर ग्राहकों को उपलब्ध करा रही है।

- आत्मनिर्भर बनने 60 युवा ले रहे प्रशिक्षण दो टीम कर रही स्टडी मिल्की मेडिकाट और क्यूब मून्स

राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्टार्ट अप के लिए युवा उद्मियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने नगर निगम जोन 6 दफ्तर वाले तीसरे माले में को वर्किंग और इनोवेशन सेंटर संचालित है। इसमें युवाओं को टेक्निकल सपोर्ट, लीगल डाक्यूमेंटेशन सपोर्ट, नेटवर्क, बिजनेस कनेक्श और काम करने के लिए वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सेंटर में इस समय 2 टीम स्टडी के लिए यहां आ रही है, मिल्की मेडिकाट और क्यूब मून्स। इसमें से विल्की मेडिकाट फार्मा इंडस्ट्रीज और दवा व्यवसाय से संबंधित है। क्यूब मून्स ग्रुप कोडिंग बेस कार्य करते हुए साफ्टवेयर प्रोवाइड करने का काम कर रहा है। इसके साथ ही डिजिटल क्रियेटर की टीम को वर्किंग सेंटर में प्रत्येक सप्ताह एकेडमिक सेशन संचालित कर रही है। इसमें युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित जानकारी प्रदान की जाती है। सूत्रों के मुताबिक इसके फाउंडर यूटयूबर होने के साथ ही युवाओं को तकनीकि रूप से इस फील्ड में दक्ष करने का काम रहे हैं।





### 10 साल की लीज पर निगम ने दिया स्पेस

रायपुर नगर निगम द्वारा भाठागांव के आईएसबीटी कैंपस में इनोवेशन और कोवर्किंग स्पेस संचालन के लिए अनुबंधित संस्था को 10 साल की लीज पर स्पेस उपलब्ध कराया गया है। इसी तर्ज पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा कलेक्टोरेट के समीप नवनिर्मित हाइटेक मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर मे युवाओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण के लिए बीपीओ सेंटर खोला गया है। जिसमें योग्यता आधारित प्रशिक्षण व रोजगार अनुबंधित कंपनी के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनायी गयी है।

### इनोवेट के लिए 100 सीट

सूत्रों के मुताबिक इनोवेट सेक्शन में 100 सीटे युवाओं के लिए सुरक्षित है जिसमें प्रशिक्षण लेने वालों से संबंधित संस्था 4,700 रुपये प्रतिमाह शुल्क लेती है। इसी तरह फार्मा इंडस्ट्रीज पर फोकस करने वाली विल्की मेडिकाट में प्रशिक्षार्थी से 3 हजार रुपये प्रतिमाह प्रशिक्षण शुल्क लिया जाता है। प्रतिभागी युवाओं को अपना सिस्टम लाकर बैठना है जबकि इंफास्ट्रक्चर कैंपस में उपलब्ध कराया जा रहा है।

# आधी रात नशे में दूसरे के घर घुसने का प्रयास निगरानीशुदा की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के सरोरा इलाके में आधी रात को एक निगरानीशुदा बदमाश की हत्या हो गई। मृतक नशे की हालत में आरोपी व्यक्ति के घर में घुसने का प्रयास कर रहा था, जिसे मना किया, तो इस बात पर विवाद कर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा, जिसके कारण गुस्से में आकर व्यक्ति ने निगरानीशुदा बदमाश पर नारियल काटने वाले हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस घटना के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस ने हत्या करने वाले को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया

उरला पुलिस के अनुसार मृतक डोमन बंछोड़ 35 वर्ष बिरगांव का रहने वाला था। मृतक अपने क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश था, जिसके खिलाफ थाने में कई मामले दर्ज हैं। मृतक नशे का भी आदी था। घटना के समय वह सरोरा इलाके में नशे की हालत में घूम रहा था।

रात करीब 3 बजे के आसपास वह सरोरा निवासी वीरेंद्र साहू 26 वर्ष के मकान का दरवाजा बार-बार खटखटा रहा था, जिसकी आवाज सुनकर हिरेंद्र बाहर निकला और देखा कि निगरानीशुदा बदमाश उसके घर का दरवाजा खटखटा रहा है। हिरेंद्र ने उसे भगाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माना और उसके घर में जबरन प्रवेश करने का प्रयास करने लगा।

### नारियल काटने वाले हथियार से हमला

हिरेंद्र ने जब बलपूर्वक उसे रोकना चाहा, तो वह गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगा। इससे हिरेंद्र भी अपना आपा खो बैठा और घर में रखे नारियल काटने के हथियार से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। लगभग 7 से 8 वार से डोमन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा पाती, उससे पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्टिपटल को भेंट दी 5 व्हीलचेयर

**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद कॉलेज हॉस्टिपटल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 5 व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह व्हीलचेयर निस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्यकर्ता दीपेंद्र दीवान, डॉ. आशुतोष शुक्ला और क्लाउड, ग्रेसियस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट एवं जलसा ग्रुप भिलाई के सहयोग से दी गई हैं। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में अधीक्षक एवं प्राचार्य प्रवीण जोशी, मेडिकल ऑफिसर विवेक द्विवेदी, स्टीवर्ड सुरेंद्र कुमार रामटेक, स्टोरकीपर अब्दुल जाहिद, लीलास नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल नीलू वर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष ...

### आधे घंटे की बारिश...

कारण गणेश मंदिर बूढ़ापारा, बूढ़ेश्वर मंदिर, पुरानी बस्ती, सत्ती बाजार, सदर बाजार में जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बंजारी चौक और बैजनाथ पारा में बारिश का गंदा पानी कहर बनकर टूटा। इधर जोन 6 की इंदिरा नगर बस्ती में जलभराव से लोग परेशान रहे। जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता प्रभावित बस्ती में जाकर गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था कराने जुटे रहे। 2 फीट ऊंचाई तक बारिश का पानी भरने से लोग परेशान रहे। वहीं पानी निकासी के लिए बनाये गये क्रासिंग पाइंट पर 5-5 फीट के दो पाइप में से एक पाइप जाम होने के चलते पानी निकासी में घंटाभर समय लगा।

### प्रसव पीड़ा से तड़प...

स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। डिलीवरी के काफी देर बाद उसे असहजता महसूस हुई, तो उसने अस्पताल में मौजूद वार्ड ब्वाय अनुपम को इसकी जानकारी दी। वार्ड ब्वाय ने इसे गंभीरता से लेने के बजाए झिड़क दिया। आधी रात परेशानी दूर नहीं होने पर साक्षी की बुआ पार्वती ने पुनः अनुपम को आवाज दी, तो वह आपा खो बैठा और महिला को मेकाहारा रेफर करने की धमकी देने लगा। काफी निवेदन के बाद उसने साक्षी को एक इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद वह बेसुध हो गई और शरीर ठंडा पड़ गया। परिजन उसे रात दो बजे आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया है। इससे परिवारवालों का गुस्सा भड़क गया, शव को लेकर वे घर पहुंचे और आज सुबह हेल्थ सेंटर के बाद खमतराई थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने वार्ड ब्वाय सहित अन्य जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग की। माहौल बिगड़ता देख सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी थाने पहुंचे और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले की जांच के लिए उन्होंने स्त्री रोग, एनीस्थिसिया, चिकित्सा अधिकारी और नोडल अफसर के नेतृत्व में टीम का गठन किया है।

### रविवि में एसीबी...

इस पर प्रकाश ने रायपुर एसीबी में लिखित शिकायत की थी। एसीबी की टीम ने रिश्वत लेने वाले कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। इसके बाद तय योजना के मुताबिक, प्रकाश मंगलवार को रिश्वत के रूप में मांगे गए 30 हजार रुपए लेकर पहुंचे। जैसे ही दीपक शर्मा ने यह राशि ली, एसीबी की टीम ने पकड़ लिया। रविवि के प्रशासनिक भवन में यह कार्रवाई हुई। टीम आरोपी क्लर्क को अपने साथ ले गई है। इस दौरान पूरे विवि में गहमागहमी का माहौल रहा। रविवि अथवा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा फिलहाल कर्मचारी के निलंबन अथवा इस तरह की कोई अन्य कार्रवाई नहीं की गई है।

# एमडी ड्रग के मामले में दो युवतियों समेत 5 को 10-10 साल कैद, एक-एक लाख का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रतिबंधित मेथाफेटामाइन (एमडी) ड्रग का व्यापार करने के मामले में गिरफ्तार दो युवती सहित पांच लोगों को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा ने 10-10 साल के कारावास और एक-एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इन पांचों आरोपियों को 25 दिसंबर 2022 को राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सामने से गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से 0.90 ग्राम एमडी ड्रग जब्त किया गया था। इस प्रकरण में अन्य दो लोगों को कोर्ट ने पुलिस द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण दोषमुक्त किया है।



***कार में ड्रग बेचने ग्राहक तलाशते किए गए थे गिरफ्तार :*** पंडरी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रात करीब 12.10 बजे 25 दिसंबर 2022 को अंबुजा मॉल के सामने से काले रंग की ग्लैस्टर कार में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें प्रखर मारवा, मोहम्मद ओवेश, अभय कुमार मिर्चे, प्रिया स्वर्णकार एवं नेहा भगत शामिल है। इन सभी के कब्जे से 0.90 ग्राम एमडी ड्रग जब्त किया गया था। पुलिस के अनुसार इन सभी प्रतिबंधित एमडी ड्रग को बेचने के लिए ग्राहक तलाशने के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस प्रकरण में जांच के दौरान अन्य दो लोग नरेंद्र सिंह ठाकुर और मनोज शुक्ला को भी आरोपी बनाया था।

### पुलिस नरेंद्र-मनोज के खिलाफ पेश नहीं कर पाई साक्ष्य

पुलिस इस प्रकरण में नरेंद्र सिंह और मनोज शुक्ला के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाई। पुलिस का आरोप था कि मनोज ड्रग का सेवन करता है, वहीं नरेंद्र भी ड्रग का व्यापारी है, लेकिन ये दोनों आरोप को सिद्ध करने के लिए पुलिस कोर्ट में साक्ष्य पेश नहीं कर पाई। लिहाजा कोर्ट ने बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद दोनों को इस प्रकरण में दोषमुक्त किया है।

### अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर अतिरिक्त 2 साल की सजा

इस प्रकरण में आरोपियों को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8 का उल्लंघन, धारा 22-बी के तहत दोषी पाया गया है। इसके तहत 10-10 साल कारावास की सजा और एक-एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा दी गई है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर आरोपियों को दो-दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक/202506115600013/अ-6/2024-2025

रायपुर, दिनांक : 05/06/2025

ग्राम- चंगोराभाठा प.ह.नं.- 59, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती सरोज सोनी पति स्व.श्री सोनालाल सोनी निवासी- शीतला मंदिर नड्डा कारखाना के पास कुशालपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति स्व.सोनालाल सोनी पिता स्व. मोहन लाल सोनी के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 190/32 रकबा 600 वर्गफुट है, भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी में आवेदिका के पति स्व.सोनालाल सोनी पिता स्व. मोहन लाल सोनी की मृत्यु 03/12/2024, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। जिनके विधिक वारिसान मे आवेदिका 01. श्रीमती सरोज सोनी (पत्नि) पति स्व. श्री सोनालाल सोनी 02. दीपक सोनी (पुत्र) 03. श्रीकांत सोनी (पुत्र) 04. चांदनी सोनी (पुत्री) तीनो पिता स्व.श्री सोनालाल सोनी इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 27/06/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 27/06/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 तहसील व जिला-रायपुर

सीमांकन सूचना

दिनांक 10.06.2025

प्रति,
1. सरपंच मटिया 2.आर्यन दुबे
3. धर्मे सिंह पिता कन्हैया सिंह तलरेजा

विषय- आवेदिका अनिता पति विनोद रेलवानी निवासी द्वारा आवेदित ग्राम मटिया प.ह.नं. 12 रा.नि.म. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर190/1, 0.396 हेक्टेयर के सीमांकन /बटांकन में उपस्थित होने के सबंध में।

संदर्भ-न्यायालय अति/नायब तहसीलदार धरसींवां के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्रं.577 वा/अति/ना तह /2025 धरसीवां दिनांक 13.05.2025 संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति/ना तहसीलदार धरसीवां के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 16.06.2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 10 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी हैं। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 12 के मटिया स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैध अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज कि साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सूचनोपरांत अनुपस्थित की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर-16 (सारागांव)

## गुम होने की सूचना

मैं अश्वनी कुमार साहू पिता स्व.श्री जे.आर साहू निवासी मकान नं. 792, पुलकित निवास वन टेक च्वॉईस सेंटर के पास, रिंग रोड नं.01, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित करना चाहता हूँ दिनांक 09/06/2025 को रात्रि तकरीबन 9 बजे स्थान बुढ़ा तालाब चौक, मंदिर के पास बुढ़ा पारा रायपुर घूमने गया था, इसी दौरान मेरे जेब में रखे हुए आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति जैसे-ड्राईविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड व वर्दी वाली फोटो युक्त परिचय पत्र जो की केन्द्रीय जी.एस.टी इंटेलीजेंस विभाग रायपुर द्वारा जारी कार्ड एवं बैंक ए.टी.एम कार्ड समस्त दस्तावेज व कार्ड एक स्टील के कार्ड होल्डर बॉक्स में रखी हुई थी, जो कि मेरे द्वारा भूलवश या अज्ञानता वश चलते फिरते गिर कर गुम/खो गई है, जिस किसी भी सज्जन व्यक्ति को उपरोक्त दी गई मूल दस्तावेज, कार्ड प्राप्त हो तो, दिए गए पता व मोबाईल नंबर पर सूचित करने की कृपा करेंगें।

सो सूचना जानें।

दिनांक 10/06/2025

अश्वनी कुमार साहू
मकान नं. 792, पुलकित निवास, वन टेक च्वॉईस सेंटर के पास, रिंग रोड नं.01, संतोषी नगर रायपुर. छ.ग.
संपर्क-- 9425516737, 8878717572, 9200007088

## आम सूचना

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने छत्तीसगढ क्षेत्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, (पंजीयन क्रं/ उप.पं. (पै.) / आर.पी.आर./99/83-84/ कलेक्टर लाइसेंस क्रं. 40/88) अध्यक्ष- मनीषराज सिंघानिया पिता श्री राजकमल सिंघानिया, पता जीवन विहार कालोनी, व्ही.आई.पी. चौक इंदिरा गांधी मार्ग, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) में "जीवन विहार" कालोनी तेलीबांधा योजना के अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 635/1 का भाग, भूखंड क्रंमाक X-11 रकबा 2077 वर्गफुट एवं भूखंड क्रंमाक X-10 रकबा 2002 वर्गफुट को क्रय करने हेतु संस्था द्वारा आबंटित किया गया है, बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि संपत्ति के क्रय, विक्रय व अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संबंधितों, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय कार्यालय एवं विभाग, निगम, प्राधिकरण, अधिकरण, गृह-निर्माण समिति, या अन्य किसी को भी यदि किसी प्रकार की आपत्ति, उजर या उनका कोई हक दावा इत्यादि उक्त भूमि संपत्ति के संबंध में हो तो इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिवस के अंदर मेरे कार्यालय या निम्न पते पर, मय दस्तावेजी साक्ष्य के लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा बादम्याद मेरा पक्षकार उक्त भूमि संपत्ति का बैनामा का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा, बादम्याद प्रस्तुत आपत्ति, उजर या हक दावा अवैध व शून्य समझी जावेगी तथा उसका कोई भी प्रभाव मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा, सो सूचना जानें।

**नोट** - दावा/आपत्ति मय दस्तावेज लिखित में उपरोक्त पते पर प्रस्तुत करे, अन्यथा मान्य नही होगी।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः 09/06/2025

रघुराज सिंह ठाकुर 'अधिवक्ता'
कार्या. शहीद हमीद नगर,
जलगृह मार्ग टिकरापारा, रायपुर, छ.ग.
मो. 79879 47046

## सार्वजनिक सूचना

(Public Notice)

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण श्रीवास्तव पति श्री एस.के श्रीवास्तव.ने स्थित संपत्ति, खसरा नंबर 118/79 रकबा नंबर 0.037 तहसील रायपुर जिला रायपुर (जमीन का पूरा विवरण) को श्रीमती अंजू वधवा (खरीदार का नाम) के नाम पर विक्रय किया जायेगा। यदि किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/दावा/स्वामित्व आदि को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर लिखित रूप में नीचे दिए गए पते पर सूचित करें। 15 दिवस के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी और विक्रेताओं को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाऐगा।

क्रेताःनामः-श्रीमती अंजू वधवा पताः हाउस नंबर 145 गुरुद्वारा रोड वार्ड नंबर-8 बसना महासमुंद (छ. ग.)

मोबाइल नंबरः- 7000014410

दिनांकः . . . . . भवदीय

चंद्रशेखर अग्रवाल अधिवक्ता

## न्यायालय नजूल अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

- सूचना -

रा.प्र.क्र.-202504112800015/127/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, पता- महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर (छ.ग.)

. . आवेदक

विरूद्ध

आम जनता . . .अनावेदक

एतद् द्वारा 1. **मनीराम वल्द मानसिंग कुर्मी, निवासी- सेरीखेडी रायपुर, 2, आनंद राम पिता बुलचंद नारायणदासानी निवासी- तेलीबांधा रायपुर** को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, निवासी-महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित भूखण्ड क्रमांक-92, रकबा 500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति जवाहर लाल जोधानी के नाम पर धारित की जाती है। जवाहर लाल जोधानी की मृत्यु दिनांक 28/02/2008 हो गया है, जिनके वारिसानों में श्रीमती सीता जोधानी पत्नि, देवेन्द्र कटारिया पुत्र, रेखा प्रेमचंदानी पुत्री, मंजू टिलवानी पुत्री, धीरज जोधानी पुत्र है, अन्य कोई वारिस नहीं हैं। अतएव आवेदिका द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में **1.मनीराम वल्द मानसिंग कुर्मी, निवासी- सरीखेडी रायपुर, 2.आनंद राम पिता बुलचंद नारायणदासानी निवासी- तेलीबांधा रायपुर** की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है।

अतः इस सूचना के माध्यम से 1.**मनीराम वल्द मानसिंग कुर्मी, निवासी-सेरीखेडी रायपुर, 2.आनंद राम पिता बुलचंद नारायणदासानी निवासी-तेलीबांधा रायपुर** को सूचित किया जाता है कि आप स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/06/2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में प्रातः 11.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 04/05/2025
पेशी दिनांक 20/06/2025

नजूल अधिकारी
रायपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

- सूचना -

रा.प्र.क्र.-202504112800016/128/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, पता- महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर (छ.ग.)

. . आवेदक

विरूद्ध

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी पिता श्री राधिका कुमार दुबे, पता- फाफाडीह, रायपुर . . .अनावेदक

एतद् द्वारा 1. **सी.जे. एनटिनी पिता जोश एनटिनी, फाफाडीह रायपुर, 2. श्रीमती अन्नपूर्णा पुत्री राधिका कुमार दुबे, साकिन श्याम नगर रायपुर छ.ग.** को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, निवासी-महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित भूखण्ड क्रमांक-88, रकबा 500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति जवाहर लाल जोधानी के नाम पर धारित की जाती है। जवाहर लाल जोधानी की मृत्यु दिनांक 28/02/2008 हो गया है, जिनके वारिसानों में श्रीमती सीता जोधानी पत्नि, देवेन्द्र कटारिया पुत्र, रेखा प्रेमचंदानी पुत्री, मंजू टिलवानी पुत्री, धीरज जोधानी पुत्र है, अन्य कोई वारिस नहीं हैं। अतएव आवेदिका द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में **1.सी.जे. एनटिनी पिता जोश एनटिनी, फाफाडीह रायपुर, 2. श्रीमती अन्नपूर्णा पुत्री राधिका कुमार दुबे, साकिन श्याम नगर रायपुर छ.ग.** की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है।

अतः इस सूचना के माध्यम से **1. सी.जे. एनटिनी पिता जोश एनटिनी, फाफाडीह रायपुर, 2. श्रीमती अन्नपूर्णा पुत्री राधिका कुमार दुबे, साकिन श्याम नगर रायपुर छ.ग.** को सूचित किया जाता है कि आप स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/06/2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में प्रातः 11.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 04/05/2025
पेशी दिनांक 20/06/2025

नजूल अधिकारी
रायपुर

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का बीईओ कार्यालय घेराव युक्तियुक्तकरण का विरोध 12 को

**अभनपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर, अभनपुर विधानसभा कांग्रेस कमेटी आगामी गुरुवार, 12 जून 2025 को बीईओ कार्यालय अभनपुर का घेराव करेगी। यह आंदोलन राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद करने और 40 हजार से अधिक पद समाप्त करने के विरोध में किया जा रहा है। आंदोलन का शुभारंभ सद्भावना कुटी में एक मंचीय कार्यक्रम के साथ होगा, जहाँ से कांग्रेसी कार्यकर्ता बीईओ कार्यालय की ओर प्रस्थान करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के शीर्ष पदाधिकारियों ने सभी कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य प्रकोष्ठों से इस आंदोलन में उपस्थित होने की अपील की है।

### कल कैबिनेट, होंगे कई निर्णय

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट की बैठक 12 जून को मंत्रालय में आहूत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे। इधर बस्तर के सुकमा में हुए नक्सल विस्फोट की घटना के बाद होने वाली बैठक इससे जुड़े विषय पर चर्चा के बाद शहीदों को दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे। वहीं राज्य सरकार आने वाली खरीफ सीजन की फसल के लिए खाद के संकट को लेकर नई रणनीति बनाएगी। डीएपी के विकल्प के रूप में दी जाने वाली खादों के पर्याप्त भंडारण पर निर्णय लिए जा सकते हैं। वहीं सिंगल और डबल लॉक में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। छत्तीसगढ़ में स्कूल खुलेंगे, उसके पहले युक्तियुक्तकरण की समीक्षा कर नए निर्देश जारी किए जाएंगे।

### आरएसएस के संजय जोशी कल आएंगे

**रायपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक संजय जोशी 12 जून को प्रातः 8:45 पर रायपुर आ रहे हैं। यहां से वे बालोदाबाज़ार जाएंगे। वहां पर एक संगोष्ठी में शामिल होंगे। उनको बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने आमंत्रित किया है। वे 13 जून को प्रातः 8.50 बजे विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### निधन

#### बिमला देवी वैष्णव

**आरंग**। ग्राम तामासिवनी निवासी बिमला देवी वैष्णव का बुधवार को



आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वह खेलन दस वैष्णव की पत्नी थी।

---

**घेराव : कांग्रेसियों ने कहा -शिक्षा विरोधी नीतियों से प्रदेश का भविष्य अंधकार में**

# धरसींवा में कांग्रेस का शिक्षा कार्यालय घेराव भाजपा पर शिक्षा व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शिक्षा के प्रति घोर उदासीनता और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लाक शिक्षा कार्यालय धरसींवा का घेराव कर सरकार को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर 10,600 स्कूलों को बंद करने युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने और शिक्षकों के तबादलों में खुलेआम धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला।

- सरकार दस हजार स्कूल बंद कर रही, तबादलों में

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के कई कद्दावर नेता और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए, जिसमें स्पष्ट रूप से शिक्षा के अधिकार पर कुठाराघात और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने की बजाय उसे पाताल में धकेलने का काम कर रही है। 'युक्तियुक्तकरण' नहीं, शिक्षा का हत्याकांड 10,600 स्कूलों को बंद कर सरकार कर रही बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही।






### शिक्षा नीतियों को जनविरोधी और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : वर्मा

पूर्व सांसद छाया वर्मा ने तीखे शब्दों में कहा की यह कैसी सरकार है जो एक तरफ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का ढोंग करती है और दूसरी तरफ प्रदेश के 10,600 स्कूलों पर ताला जड़कर हजारों बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीन रही है? भाजपा का यह 'युक्तियुक्तकरण' नहीं, बल्कि शिक्षा का खुल्लम-खुल्ला हत्याकांड है। उन्होंने आगे कहा कि यह कदम ग्रामीण और गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश है, जिससे अशिक्षा और गरीबी का दुष्चक्र और गहरा होगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्मा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। 'युक्तियुक्तकरण' केवल एक दिखावा है, असल में यह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त करने की रणनीति है। सरकार को यह समझना चाहिए कि स्कूल केवल इमारतें नहीं होते, वे बच्चों के भविष्य की नींव होते हैं। स्कूलों को बंद करना मतलब बच्चों के भविष्य को बंद करना है।



### शिक्षकों के तबादलों में भ्रष्टाचार और मनमानी : अनिता

पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने शिक्षकों के तबादलों में हुई बड़े पैमाने पर धांधली और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरते हुए कहा, /"भाजपा सरकार ने शिक्षकों के तबादलों को कमाई का जरिया बना लिया है। योग्य और मेहनती शिक्षकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है, जबकि अयोग्य और पहुंच वाले लोगों को मनचाही पोस्टिंग दी जा रही है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिसका खामियाजा हमारे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से भ्रष्टाचार का खेल है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। श्रीमती शर्मा ने इस फैसले को /"शिक्षा के निजीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा, सरकार जानबूझकर सरकारी स्कूलों को कमजोर कर रही है ताकि निजी स्कूलों को बढ़ावा मिल सके और शिक्षा को व्यापार बनाया जा सके। यह गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के साथ घोर अन्याय है, जिनकी पहुँच निजी स्कूलों तक नहीं है।

### कांग्रेस की चेतावनी, यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन होगा और तेज

शिक्षा कार्यालय धरसींवा का घेराव करने के बाद, कांग्रेस नेताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा, जिसमें 10,600 स्कूलों को बंद करने के जनविरोधी फैसले को तत्काल वापस लेने, युक्तियुक्तकरण की नीति की समीक्षा करने और शिक्षकों के तबादलों में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।कांग्रेस ने भाजपा सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यह आंदोलन और भी तेज किया जाएगा और सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

---

## सुकमा आईईडी ब्लास्ट, शहीद आकाश राव को तरपोंगी टोल प्लाजा पर श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

कोंटा-एर्राबोरा मार्ग पर सर्च अभियान के दौरान डोंड्रा के समीप एक प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से पुलिस अधिकारी श्री आकाश राव गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ वे वीरगति को प्राप्त हुए।इस दुखद खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है. श्री आकाश राव की शहादत को नमन करने के लिए, अलोक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित तरपोंगी टोल प्लाजा पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। टोल कंपनी के जीएम श्री प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार, प्लाजा मैनेजर राहुल सिन्हा, दिवाकर सिंह, महेंद्र सिवांकर और सभी स्टाफ सदस्यों ने शहीद आकाश राव को नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर सभी की आँखें नम थीं, और देश ने एक बहादुर अधिकारी खोने का दुख स्पष्ट दिखाई दे रहा था। आकाश राव की शहादत देश के प्रति उनके अदम्य साहस और समर्पण का प्रतीक है। उनकी कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी और देश उन्हें सदैव याद रखेगा।

## सुकमा में एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे शहीद, विधायक अनुज ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए एक कायराना आईईडी विस्फोट में असिस्टेंट पुलिस अधीक्षक एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे जी के शहीद होने पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने इस हृदय विदारक घटना को /"अत्यंत ही दुखद/" बताते हुए शहीद की शहादत को सादर नमन किया है।

विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें उन्हें लगातार सफलता मिल रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नक्सली इसी से हताश होकर इस



तरह की कायराना हरकतें कर रहे हैं। श्री शर्मा ने दृढ़तापूर्वक कहा कि नक्सलियों को उनके इस जघन्य कृत्य का परिणाम भुगतना होगा और वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ से उनका अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब छत्तीसगढ़ से इनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जाएगा।

## कार की चपेट से 19 भेड़ व बकरियों की मौत, 9 घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम बेमता के पास एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 19 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से पशुपालक को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बेमता निवासी मोहन पाल भेड़-बकरियां पालकर जीवन यापन करते हैं। उन्होंने नेवरा थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार को वह अपनी भेड़-बकरियों को चराने के लिए बेमता खार लेकर गए थे। शाम को जब वह पशुओं को चराकर वापस गांव लौट रहे थे, तभी रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम बेमता स्थित उमेश ढाबा के ठीक पहले यह हादसा हो गया। मोहन पाल के मुताबिक, रायपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीवी 8085 के चालक ने अपनी कार को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी भेड़-बकरियों को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के परिणामस्वरूप मौके पर ही 19 भेड़-बकरियों ने दम तोड़ दिया, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार चालक के खिलाफ धारा 281 और 325 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा है और मामले की आगे की जांच कर रही है। इस घटना से मोहन पाल और उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।


## पार्षद की बेटी के निधन पर सभापति ने निजी अस्पताल की जांच की मांग की

**तिल्दा नेवरा**। नगर पालिका के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं शिक्षा सभापति रानी सौरभ जैन ने पार्षद सतीश निषाद की पुत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर एक निजी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जांच की मांग की है। नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन ने बीएमओ डॉक्टर उमा पैकरा से मुलाकात कर नगर में संचालित अस्पतालों की नियमित जांच की मांग की है, उन्होंने कहा कि कई अस्पतालों 10वीं 12वीं पढ़े युवक युवतियां नर्स और वार्ड बॉय का काम कर रहे हैं जिन्हें किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं है



नॉलेज नहीं है, ऐसे लोग भी अस्पतालों में डॉक्टर की भूमिका में रहते हैं और मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने बीएमओ से मांग की है कि नियमित रूप से तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के सभी अस्पतालों में जांच की जाए और दोषी पाए जाने वाले अस्पतालों के खिलाफ में कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने भाजपा पार्षद सतीश निषाद की सुपुत्री की मौत पर गहरा दुख व्यक्त भी किया है।

## आरंग विधायक कार्यालय में जनदर्शन आज



**आरंग**। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक माह तक चलाए गए सुशासन तिहार के सफल आयोजन के बाद अब पुनः जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में 11 जून को दोपहर 1 बजे जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) गुरु खुशवंत साहेब क्षेत्रवासियों की व्यक्तिगत, सामाजिक, प्रशासनिक व जनकल्याण से जुड़ी समस्याएं सुनेंगे। जनदर्शन के दौरान समस्याओं के तत्काल निराकरण की कार्यवाही भी की जाएगी, जिससे लोगों को त्वरित राहत मिले। गौरतलब है कि गुरु खुशवंत साहेब ने सुशासन तिहार के दौरान अपने आरंग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में रहकर शासकीय योजनाओं की समीक्षा, हितग्राही योजनाओं के वितरण और आम जन से सतत संवाद कर प्रशासन को जनमुखी और संवेदनशील बनाने का सफल कार्य किया। अब एक बार फिर से वे अपने निर्वाचन क्षेत्र आरंग में सक्रिय हो गए हैं और नियमित जनदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

## चश्मा निकालने पर चाकू से हमला, एक गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा**। ग्राम कोहका नेवरा के अमोली तालाब के पास जुआ खेलते कुछ लोगों के पास खड़े एक युवक को चश्मा निकालने पर चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, गोकुल धीवर नामक व्यक्ति जुआ स्थल पर मौजूद था। उसने चश्मा पहने एक लड़के को गांव का भतीजा समझकर उसका चश्मा हाथ से निकाल दिया। इस बात पर वह लड़का आग बबूला हो गया और गोकुल धीवर को गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए हत्या की नीयत से धारदार चाकू से पेट में वार




कर दिया। चाकू मारने वाले लड़के की पहचान नेवरा निवासी टकेश्वर निषाद के रूप में हुई है। नेवरा पुलिस ने आरोपी टकेश्वर निषाद के खिलाफ धारा 109, 296, 351, 3 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से धारदार चाकू भी जब्त किया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

---

**विधायक ने की बड़े टूर्नामेंट की घोषणा**

# आरंग प्रीमियर लीग एपील फाइनल, बांधे इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार रात आरंग के मिनी स्टेडियम में आयोजित आरंग प्रीमियर लीग (APL) का रात्रि कालीन फाइनल मैच खेला गया, जिसमें बांधे इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह टीम नियमित रूप से मिनी स्टेडियम में अभ्यास करती है और उन्हें कई नेशनल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए सबसे हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने घोषणा की कि शीतकालीन सत्र में भी फ्लड लाइट टूर्नामेंट करवाया जाएगा, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। उन्होंने इस आगामी टूर्नामेंट के लिए प्रथम इनाम 1,11,000 रुपये रखे जाने की भी बड़ी घोषणा की। साथ ही, उन्होंने ग्राम पंचायत कुकरा में भी स्टेडियम बनाने की बात कही और जोर दिया कि आरंग विकासखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और सरकार उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने क्रिकेट सॉन्ग के माध्यम से शुभकामना देते हुए रोमांच को और दुगना कर दिया। उन्होंने आरंग के विकास के लिए खुद को समर्पित बताया। आयोजक आरंग इलेवन क्रिकेट टीम के विशेष सहयोगी व मार्गदर्शक पार्षद (सभापति) पुष्कर चंद्रशेखर साहू ने सभी से खिलाड़ी भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया और क्रिकेट प्रेमियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षदगण नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, उमाकांत यादव, प्रतिनिधि राकेश सोनकर, तोषण साहू, राकेश शर्मा, वेद प्रकाश देवांगन (युवा मोर्चा), वरिष्ठ भाजपा नेता केके भारद्वाज, चंद्रशेखर साहू, गणेश साहू, अशोक चंद्राकर, युवा शक्ति विनोद साहू, पंकज शुक्ला, अरुण उईके, प्रशांत नेभवानी, दिलीप जलक्षत्रि, राजेश चंद्राकर सहित 5000 से अधिक क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थिति रही। उद्घाटन एवं समापन मैच के उद्घोषक अरविंद वैष्णव और रनिंग कमेंट्री के लिए यशवंत लोधी, योगेंद्र चंद्राकर आदि ने योगदान दिया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### रोमांचक फाइनल मुकाबला

फाइनल मैच में बांधे इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में जीतने के लिए 81 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में, कुकरा इलेवन 64 रन ही बना सकी और इस प्रकार बांधे इलेवन ने 17 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। बांधे इलेवन के शिवम चंद्राकर ने जबरदस्त पारी खेलते हुए 40 रन बनाए और तीन विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता। उन्हें रेंजर साइकिल से सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान पर मुंगेशर इलेवन और चतुर्थ स्थान पर भोथली इलेवन की टीम रही। यह टूर्नामेंट 29 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसमें कुल 48 टीमों ने हिस्सा लिया। खचाखच भरे स्टेडियम में दर्शकों ने चौके-छक्कों के साथ हर पल का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और दर्शकों ने खिलाड़ियों के लिए इनामों की झड़ी लगा दी।




### पुरस्कार वितरण

**प्रथम इनाम**: बांधे इलेवन को 51,001 रुपये व ट्रॉफी (सौजन्य विधायक आरंग)
**द्वितीय पुरस्कार**: कुकरा इलेवन को 25,001 रुपये व ट्रॉफी (सौजन्य पार्षद (सभापति) पुष्कर चंद्रशेखर साहू)
**तृतीय पुरस्कार**: 10,001 रुपये व ट्रॉफी (सौजन्य गणेश मोबाइल)
**चतुर्थ पुरस्कार**: 5,001 रुपये (सौजन्य अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन)
मैन ऑफ द सीरीज व मैन ऑफ द मैच: शिवम चंद्राकर (बांधे इलेवन, रेंजर साइकिल)
**बेस्ट बॉलर**: ऋषभ साहू (कुकरा)
**बेस्ट बैट्समैन**: हेमंत (कुकरा)
**बेस्ट फील्डर**: अजय यादव (कुकरा) ये सभी पुरस्कार आयोजन समिति आरंग इलेवन के द्वारा प्रदान किए गए।

## मोदी सरकार के 11 साल, विकास विश्वास व परिवर्तन की यात्रा: प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

केंद्र की मोदी सरकार के 9 जून को 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर जनपद सदस्य प्रीतम साहू ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह 11 वर्ष केवल वर्षों की गिनती नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और परिवर्तन की यात्रा है। जिसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की भावना के साथ देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है चाहे वह ग्रामीण विकास हो, कृषि क्षेत्र में सुधार हो, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल हो या डिजिटल इंडिया जैसे क्रांतिकारी कदम।



मोदी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ हमारे जैसे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचा है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से आम जनता को वास्तविक राहत मिली है। श्री साहू ने आगे कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के दरम्यान आरंग क्षेत्र में भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। ग्रामीण सड़कों का विकास, किसानों को फसल बीमा और सम्मान निधि जैसी सुविधाएं, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों से जनता में नई आशा का संचार हुआ है। श्री साहू ने केंद्र सरकार को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते व आशा करते हुये आगे कहा कि आगे आने वाले वर्षों में भी इसी तरह देश को प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करते रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

## आरएसएस के संजय जोशी कल आएंगे



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक संजय जोशी 12 जून को प्रातः 8:45 पर रायपुर आ रहे हैं। यहां से वे बालोदाबाज़ार जाएंगे। वहां पर एक संगोष्ठी में शामिल होंगे। उनको बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने आमंत्रित किया है। वे 13 जून को प्रातः 8.50 बजे विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता आज करेंगे पदभार ग्रहण




**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक, छत्तीसगढ़) के नवनियुक्त अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नवीन शाखा का वर्चुअल शुभारंभ भी होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। श्री गुप्ता का पदभार ग्रहण सुबह 11.30 बजे बलबीरसिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम (बुढ़ापारा) में होगा। इसी के साथ सहकार से समृद्धि' अंतर्गत राज्यस्तरीय सम्मेलन भी होगा।

## यूथ कांग्रेस ने दी शहीद एएसपी को श्रद्धांजलि



**रायपुर।** युवा कांग्रेस ने नक्सली हमले में शहीद हुए आकाश राव गिरपूंजे को कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी। जयस्तंभ चौक भी यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा कांग्रेस ने सिटी कोतवाली से लेकर जयस्तंभ चौक तक श्रद्धांजलि मार्च निकाला। यूथ कांग्रेस ने कहा, शहीद आकाश राव का हमारे बीच से जाना अपूरणीय क्षति है। उनका बलिदान देश सदैव याद रखेगा।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं. वीसी शुक्ल की पुण्यतिथि आज



रायपुर। झीरम घाटी माओवादी हमले में शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता स्व. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि 11 जून को मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम विद्याचरण शुक्ल उद्यान प्रतिमा स्थल, नगर निगम मुख्यालय के सामने सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। इसके अलावा राधेश्याम भवन लभांडी में सुबह 11 बजे उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों समेत समस्त शुक्ल समर्थक शामिल होंगे।

## कांग्रेस कल करेगी बिहार के सभी रोजगार कार्यालय का घेराव



रायपुर। कांग्रेस पार्टी द्वारा 12 जून को बिहार राज्य के सभी जिलों में रोजगार कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बिहार के सभी जिलों के लिए स्पेशल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिसमें औरंगाबाद जिले का प्रभार पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को दिया गया है। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने बताया कि जिस राज्य में बीजेपी की सरकार है, उन सभी राज्यों की स्थिति और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। नेशनल कॅरियर सर्विस (एनसीएस) के डाटा के अनुसार बिहार में लगभग 34 लाख से भी अधिक लोगों ने नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है और इन लोगों को अभी तक नौकरी नहीं मिली है। इससे साफ हो गया है कि बिहार में लाखों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं और अपने राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य में पलायन कर अपनी रोजी-रोटी तलाश रहे हैं।

# भाजपा का संकल्प से सिद्धि अभियान, आज सीएम रायपुर में बताएंगे केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**डिप्टी सीएम अरुण साव बिलासपुर विजय शर्मा जगदलपुर में करेंगे चर्चा**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा का देशभर में संकल्प से सिद्धि अभियान प्रारंभ हो गया है। पहले दिन सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, और केंद्रीय मंत्रियों ने प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया और रीजनल मीडिया से राष्ट्रीय स्तर पर संवाद किया है। मंगलवार को राजधानी रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने वाले थे, लेकिन सुकमा नक्सल आईईडी ब्लास्ट में शहीद एएसपी आकाशराव गिरेपुंजे के अंतिम संस्कार के कारण इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया। अब बुधवार को मुख्यमंत्री साय केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। इसी के साथ बुधवार और गुरुवार को प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के पदाधिकारी प्रदेश भर में केंद्र सरकार की उलब्धियों की जानकारी देंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर में बुधवार को मीडिया से चर्चा करेंगे, इस चर्चा का विषय केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल का कार्यकाल होगा। इसी के साथ दो दिनों तक प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी अलग-अलग शहरों में मीडिया से चर्चा करके केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करेंगे। डिप्टी सीएम अरूण साव बिलासपुर, विजय शर्मा जगदलपुर और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू दुर्ग में मीडिया से बात करेंगे। पहले केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के भी आने का कार्यक्रम तय किया गया था, लेकिन अब इसको बदलकर सारी जिम्मेदारी प्रदेश के नेताओं को ही दी गई है। केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वक्ताओं द्वारा विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल तथा सशक्त भारत सुरक्षित भारत विषयों पर संबोधन होगा।

### मुख्यमंत्री साय ने अजा, जजा, पिछड़ा वर्ग विभाग की समीक्षा की

# नई छात्रावास-आश्रम प्रबंधन प्रणाली शुरू, आश्रम छात्रावासों के संचालन के लिए 85 करोड़ ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास-आश्रम प्रबंधन के लिए नवीन पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के आश्रम छात्रावासों के संचालन के लिए नई व्यवस्था के अंतर्गत शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहायता की पहली किस्त (जुलाई से सितंबर) के रूप में 85 करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों और आदिवासी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा लक्ष्य है कि इन वर्गों का जीवन स्तर बेहतर हो, वे आत्मनिर्भर बनें और विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय समुदाय की सदैव चिंता करते हैं और उनके विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री राम विचार नेताम, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित आदिवासी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**छात्रावासों में सुविधाओं की एकरूपता और गुणवत्ता पर जोर**



### छात्रावासों में हो सभी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने आश्रम-छात्रावासों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ सर्वसुविधायुक्त छात्रावास बनाए जाएं। शौचालय, बेड, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में एकरूपता रहे तथा छात्रावासों की निगरानी के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम अपनाया जाए।

### पीएम जनमन के निर्माण हो समय सीमा में

मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएम जनमन एवं धरती आबा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास और सड़क निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेजों को तैयार करने का कार्य लगातार जारी रखने के निर्देश भी दिए।

### प्रयास में उच्च शिक्षित प्रशिक्षकों की भर्ती करें

प्रयास विद्यालयों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें उच्च शिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। साथ ही, इंजीनियरिंग, मेडिकल, क्लैट, सीयूईटी सहित अन्य कैरियर विकल्पों के लिए भी बच्चों को तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिम जाति विभाग के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत भवनों के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा भवनविहीन संस्थानों के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक भी शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए।

### दिल्ली के यूथ हॉस्टल की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मार्गदर्शन के लिए हाल ही में चयनित अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों से चर्चा कर सुझाव लिए जाएं ताकि वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप युवाओं को रणनीति बनाने में मदद मिल सके। इसके साथ हीमुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### प्रमुख सचिव ने दिया प्रेजेंटेशन

बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियां और नवीन कार्य योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की।

## मोदी सरकार की वादाखिलाफी, नाकामी पर भाजपा खुले मंच पर चर्चा कर ले

**11 साल में भी वह घोषणा पत्र का एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई : बैज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा, मोदी सरकार के 11 साल की वादा खिलाफ़ी, नाकामी पर खुले मंच पर चर्चा करने आ जाये। दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2014, 2019 और 2024 में जो घोषणा पत्र जारी किया था ,11 साल में भी उस घोषणा पत्र का एक भी वादा को पूरा नहीं कर पायी है। जनता मोदी सरकार की गलत नीतियां, वादाख़िलाफ़ी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, सरकारी कंपनियों की नीलामी से नाराज है। वोट में गड़बड़ी करके भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कराई है और उसे जनता का समर्थन बता रही है, यह हास्यास्पद है। जिस प्रकार से पूरे देश में वोटर लिस्ट में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, मतदान के प्रतिशत में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिसे लेकर लगातार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी निर्वाचन आयोग से सवाल जवाब कर रहे हैं और जवाबदेही से निर्वाचन आयोग भाग रहा है।

उन्होंने भाजपा को चुनावी वादा याद दिलाये, उन्होंने पूछा 11 साल में मोदी सरकार चुनाव में किये कितने वादे को पूरा किये। क्या अच्छे दिन आ गये? कितने लोगों के खाता में 15-15 लाख रुपए जमा कराये? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा 11 साल में महंगाई कम क्यों नहीं हुई?

### ये वादे नहीं हुए पूरे

मोदी सरकार की मुनाफाखोरी के कारण जनता की मूल जरूरत दूध, दही, चावल, दाल, गेहूं, आटा बेसन, पुस्तक, कॉपी, स्टेशनरी, हवाई चप्पल सब पर ही टैक्स के दायरे में आ गये हैं। 11 साल में 22 करोड़ युवाओं के लिये रोजगार, तो रोजगार क्यों नहीं मिला? किसानों की आमदनी दोगुनी क्यों नहीं हुई? 11 साल में दर्जनभर से अधिक आतंकी हमले देश में हुये, मोदी सरकार मौन क्यों? उन्होंने कहा, भाजपा के नेता बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है।

## डॉ. यादव को पर्यटन-संस्कृति, अंकित को वाणिज्यिक कर पंजीयन का अतिरिक्त प्रभार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कुछ विभागों के अतिरिक्त प्रभार सौंपे हैं। मंगलवार को यह आदेश जारी किया गया है। डॉ. रोहित यादव को उनके वर्तमान प्रभार के साथ सचिव पर्यटन एवं संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास सचिव ऊर्जा विभाग के साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में अध्यक्ष पॉवर जनरेशन कंपनी और अध्यक्ष स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का प्रभार पहले ही है। अविनाश चंपावत को सचिव वाणिज्यक कर (पंजीयन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास तथा अतिरिक्त प्रभार पदेन राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, आयुक्त भू-अभिलेख, सचिव सामान्य प्रशासन का प्रभार है। अंकित आनंद को वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास वर्तमान में सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन, सचिव आवास एवं पर्यावरण, एवं अध्यक्ष पर्यावरण संरक्षण मंडल का प्रभार है।

हिमशिखर गुप्ता को सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव गृह एवं जेल विभाग तथा श्रमायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले उनके पास सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव गृह एवं जेल विभाग का प्रभार भी है। चंदन कुमार विशेष सचिव को सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।

इस पद पर कार्यरत रजत कुमार के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कार्यमुक्त होने की तिथि से लागू होगा। चंदन कुमार के पास पहले ही विशेष सचिव वित्त विभाग तथा विशेष सचिव सामान्य प्रशासन तथा संचालक बजट का प्रभार है। इसमें से उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

**जहां पर बिजली पहुंचने में दिक्कत, वहां ली गई है क्रेडा की मदद**

# जल जीवन मिशन में क्रेडा ने लगाए 28 हजार सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना का जो काम हो रहा है, उसमें क्रेडा भी अपना योगदान दे रहा है। क्रेडा ने अब तक प्रदेशभर में 28 हजार सोलर पंप लगाने का काम किया है। इसमें से साढ़े 14 हजार पेयजल पंप और 13600 स्थानों पर सोलर ड्यूल पंप शामिल हैं। जिन स्थानों पर बिजली को लेकर परेशानी रही है, उन स्थानों के लिए पीएचई ने क्रेडा की मदद ली है। क्रेडा की मदद से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी कृषि पंपों के साथ स्ट्रीट लाइट भी लगाने का काम कर रही है।

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का लक्ष्य हर घर में शुद्ध जल उपलब्ध कराना है। इसके लिए अपने राज्य में भी योजना चल रहा है। इस योजना में वैसे तो गड़बड़ी भी बहुत हुई है। लेकिन इस योजना में काम भी हो रहा है। इस योजना में छोटे-छोटे गांवों में जहां पर बिजली की व्यवस्था सीमित है, वहां पर भी जल जीवन मिशन का काम क्रेडा के माध्यम से हो रहा है।



### टंकी बनाने, पंप लगाने का काम

जिन गांवों में यह देखा गया कि जहां पर टंकी बनाकर पानी की आपूर्ति करनी है, वहां तक बिजली व्यवस्था में परेशानी है तो ऐसे गांवों का जिम्मा पीएचई ने क्रेडा को देने का काम किया है। क्रेडा ने ऐसे गांवों में पांच से दस हजार लीटर तक की ओवरहेड टंकियों का निर्माण करके 6 से 12 मीटर के सोलर पंप लगाए जिससे ग्रामीण के घरों तक पानी पहुंचाने का काम हो सका है। इन टंकियों के लिए पानी का श्रोत बोर हैं जो पहले से वहां पर किए गए हैं। इन बोर में सोलर पंप लगाकर टंकियों को पानी से भरा जाता है और इन टंकियों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है। इसी के साथ गांवों, कस्बों के सावर्ज्जनिक स्थानों में सोलर हाई मास्ट संयंत्र लगाकर बिजली की व्यवस्था की गई है।

### 20 हजार कृषि पंप भी देने की तैयारी

प्रदेश के किसानों को कृषि के लिए सोलर पंप भी लगाकर दिए जा रहे हैं। साढ़े तीन लाख कीमत के पांच एचपी के सोलर पंप के लिए किसानों को महज 10 से 20 हजार रुपए ही अपनी जेब से देने पड़ते हैं। इन पंपों के लिए केंद्र सरकार से सब्सिडी मिलती है। 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के पास प्रदेश के किसानों के खेतों में प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से प्रस्ताव की मंजूरी के बाद क्रेडा खेतों में पंप लगाने का काम करेगा। प्रदेश में अब तक एक लाख साठ हजार सोलर पंप लग चुके हैं।

### जहां बिजली की परेशानी वहां लगाए

जल जीवन मिशन योजना में जिन स्थानों पर बिजली की परेशानी रही है, वहां पर सोलर पंप लगाने का काम क्रेडा ने पीएचई के कहने से किया है। प्रदेश में अब तक सोलर पेयजल और सोलर ड्यूल पंप मिलाकर 28 हजार सोलर पंप लगे हैं।

**- भूपेंद्र सवन्नी**
अध्यक्ष क्रेडा

### पीओएस मशीन का नवीनीकरण 13 जून से, तीन माह के चावल से कई वंचित

# पीओएस मशीन अपग्रेड करने के पत्र को अफसर ने दबाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य संचालनालय से जारी पत्रानुसार केंद्र शासन ने आधार प्रमाणीकरण के लिए राशन दुकानों में वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली मशीन एलओसी पीओएस डिवाइस को एल-1 पीएसओ मशीन में अपग्रेड करने केंद्र सरकार ने 31 मई अंतिम तिथि रखी थी।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने केंद्र सरकार के पत्र को संचालनालय को जानबूझ कर नहीं दिया। चावल उत्सव समाप्त होने के बाद इसे संचालनालय को भेजा गया। पीएसओ मशीन अपग्रेड न होने के कारण कई लोग तीन माह के चावल से वंचित हो गए। प्रदेश के 19 जिलों में 31 मई के बाद आधार प्रमाणीकरण को लेकर पुरानी वितरण मशीन का अपग्रेडेशन का काम जिन वेंडरों को सौंपा गया है, उन्हें तेरह जून से जिलों में काम शुरू करने का आदेश खाद्य मंत्रालय से दिया गया है। मशीन के अपग्रेडेशन होने के पहले वितरण के लिए कार्डधारक के मोबाइल पर ओटीपी आने के बाद राशन दुकानदार को बताए जाने पर ही राशन देने का विकल्प दिया गया है। आश्चर्य की बात ये है कि प्रदेश की राजधानी सहित 14 जिलों में पीओएस मशीन के अपग्रेडेशन कार्य के लिए खाद्य मंत्रालय के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। इन जिलों में भी राशन कार्डधारक को राशन लेने के लिए मोबाइल फोन साथ लाने की अनिवार्यता है। राशन कार्डधारक के यहां से कोई भी अन्य सदस्य के राशन लेने जाने पर रजिस्टर्ड मोबाइल नहीं होने पर राशन नहीं मिल रहा है।



### केंद्र ने पहले ही तय कर दी थी समय सीमा

राशन दुकानों के आधार प्रमाणीकरण के लिए यूआईडीएआई ने 6 मई को ही राज्य को 31 मई की सीमा तय कर दी थी। योजना को मंत्रालय के एक अधिकारी ने जानबूझ कर क्रियान्वित नहीं होने दिया, अन्यथा दो महीने का राशन सालों से कार्ड धारकों को मिल रहा था। प्रदेश की वितरण व्यवस्था में राज्य बनने के बाद ये पहली बार हो रहा है कि तीन महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है।

### वितरण व्यवस्था चरमराई

प्रदेश की राशन दुकानों में वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। हजारों राशन कार्ड धारक बिना मोबाइल लिए राशन दुकान जाते हैं, उनको ओटीपी के लिए मोबाइल लेकर आने के लिए कहा जा रहा है। लाखों राशन कार्ड धारकों के मोबाइल नंबर उनके पति के नाम पर है, उनको राशन नहीं मिल रहा है। तीन महीने का राशन पाने के तीन बार ओटीपी की व्यवस्था है, इसके चलते एक राशन दुकान से दिनभर में चालीस पचास कार्ड धारक राशन ले पा रहे हैं।

### मशीन सुधार के नाम पर अटकाया जा रहा राशन

अनेक उपभोक्ता संरक्षण प्रतिनिधियों ने विधायक सुनील सोनी से मिलकर राशन वितरण व्यवस्था में घालमेल की शिकायत की है। कार्डधारकों ने मांग की है कि तीन महीने का राशन मशीन सुधार के नाम पर अटकाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 600 करोड़ रुपए का राशन घोटाला 2022 से 2024 के बीच हुआ है, इसकी जांच विधानसभा जांच समिति कर रही है। घोटाले को दबाने केंद्र और राज्य की सरकार को बदनाम करने के लिए यह साजिश रची गई है।

## कल कैबिनेट, होंगे कई निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट की बैठक 12 जून को मंत्रालय में आहूत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

इधर बस्तर के सुकमा में हुए नक्सल विस्फोट की घटना के बाद होने वाली बैठक इससे जुड़े विषय पर चर्चा के बाद शहीदों को दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे। वहीं राज्य सरकार आने वाली खरीफ सीजन की फसल के लिए खाद के संकट को लेकर नई रणनीति बनाएगी। डीएपी के विकल्प के रूप में दी जाने वाली खादों के पर्याप्त भंडारण पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

वहीं सिंगल और डबल लॉक में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। छत्तीसगढ़ में स्कूल खुलेंगे, उसके पहले युक्तियुक्तकरण की समीक्षा कर नए निर्देश जारी किए जाएंगे।


हार्दिक शुभकामनाएँ
मान. श्री केदारनाथ गुप्ता
को छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)
के अध्यक्ष बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
पदभार ग्रहण समारोह
• बुधवार, 11 जून 2025 • प्रातः 11.30 बजे • स्थान : बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर
नरेन्द्र हरचंदानी
शंकर बजाज
प्रशांत गुप्ता
कन्हैया गुप्ता
टी. श्रीनिवास रेड्डी
निलेश मुंधडा
लोकेश साहू
निश्छल श्रीवास्तव
रविन्दर सिंह चावला
जनक वाधवानी
मनोज जैन
कांति पटेल
दीपक विधानी
दिनेश पटेल
ATUL PUBLICITY

# अब बांड पोस्टिंग काउंसिलिंग के जरिए, चिकित्सा अधिकारियों को मिलेगी पसंदीदा जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## चार राउंड में होगी बांड पोस्टिंग, पंजीयन, संस्था चयन और आवंटन भी

एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुबंध सेवा के लिए पोस्टिंग अब काउंसिलिंग के जरिए होगी। चिकित्सा अधिकारियों को अपनी सेवा देने के लिए पसंदीदा जगह मिलेगी। कालेज में एडमिशन की तरह बांड पोस्टिंग की काउंसिलिंग चार राउंड में पूरी होगी। इसमें पंजीयन, संस्था चयन के साथ आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

अलग खबर

बांड ड्यूटी की पोस्टिंग काउंसिलिंग के माध्यम से किए जाने की मांग काफी समय से उठ रही थी। खासकर पीजी डाक्टर इस पर अधिक जोर दे रहे थे। उनका तर्क था कि विशेषज्ञता की पढ़ाई करने के बाद प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी से उनकी योग्यता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। पीजी डाक्टरों के लिए फिलहाल आदेश जारी नहीं हुआ है, मगर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए इस



प्रक्रिया की शुरुआत की जा रही है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की ओर से जारी निर्देश में बताया गया है कि वर्ष 2025 की बांड पोस्टिंग के लिए 13 जून से 30 जून तक चार दौर का काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। इसमें तमाम शासकीय महाविद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को अनुबंधित सेवा के लिए शामिल होना अनिवार्य है। स्वास्थ्य केंद्रों के साथ चिकित्सा महाविद्यालयों में पोस्टिंग मेरिट आधार पर किया जाएगा। यदि कोई अभ्यार्थी काउंसिलिंग में शामिल नहीं होता तो अंतिम दौर के बाद आवश्यकता अनुसार स्वतः पदस्थापना स्थल का आवंटन किया जाएगा। सूत्रों को अनुसार बांड पोस्टिंग के लिए काउसिलिंग की इस प्रक्रिया को चार चरण में पूरा किया जाएगा। अभ्यार्थियों को अपने दस्तावेज के साथ पंजीयन कराना होगा इसके बाद च्वाइस फीलिंग और लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, इसके बाद स्वास्थ्य संचालनालय की ओर बॉड पोस्टिंग का आवंटन किया जाएगा। संचालनालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार पहला राउंड 13 से 19 जून, दूसरा राउंड 20 से 23 जून, तीसरा राउंड 24 से 26 जून और चौथा राउंड 27 से 30 जून तक पूरा किया जाएगा।

*4 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी ज्ञापन सौंपा*

# युक्तियुक्तकरण में विसंगतियों के खिलाफ शिक्षकों ने किया जमकर प्रदर्शन, पोल खोल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को लेकर शिक्षकों का चौतरफा विरोध थमने का नाम नही ले रहा है। शिक्षकों ने मंगलवार को प्रदेशभर के सभी जिलों में पोल खोल रैली निकालकर प्रदर्शन किया। शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने राजधानी के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव और संचालक लोक शिक्षण संचालयनालय के नाम ज्ञापन सौंपा।

दरअसल, विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर प्रदेश के 1 लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ देने, प्रशिक्षितों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट देने तथा अन्य मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच के संचालक राजनारायण द्विवेदी, वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। साथ ही इस मौके पर त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों के आवेदन भी ज्ञापन के साथ सौंपे गये। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वरिष्ठ शिक्षकों को भी अतिशेष बताकर युक्तियुक्तकरण करना गलत है। यही नहीं, एक विषय के शिक्षक को भी अतिशेष बताकर शाला को शिक्षक विहीन किया जा रहा है। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के संचालक राजनारायण द्विवेदी, वीरेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में दावा आपत्ति नहीं लिया गया, कई मामलों में वरिष्ठ शिक्षक को कनिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षक को वरिष्ठ बनाया गया। यही नहीं, समस्त रिक्त पदों की जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। कालखंड के अनुसार रिक्त पद की गणना का मापदंड विकासखंडों में अलग-अलग निर्धारित किया गया है। अतिशेष घोषित करने की प्रक्रिया में कुछ शिक्षकों को जबरदस्ती अतिशेष घोषित किया गया। विद्यार्थी दर्ज संख्या में हेरफेर करने का आरोप भी प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने लगाये। उनकी मांग है कि ही युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियां हैं, इसलिए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। विसंगतियों को देखते हुए 2 अगस्त 2024 को जारी नियम के तहत विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण को तत्काल निरस्त करने की मांग शिक्षकों ने की है। राजधानी में पोल खोल रैली निकालकर प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का ये भी कहना है कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है। विद्यालय में सेटअप 31 मार्च 2018 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप प्राथमिक विद्यालयों में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधानपाठक और दो सहायक शिक्षक तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 105 विद्यार्थियों पर एक प्रधान पाठक और चार शिक्षक का पद यथावत रखा जावे। इसी तरह हायर सेकंडरी स्कूल में वाणिज्य संकाय के पूर्ववत 2 पद रखा जावे। सोना साहू की तर्ज पर प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान के लिए जनरल आदेश जारी करने और प्राचार्य की सीधी भर्ती के 10 फीसदी पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल पद पूर्ति करने की मांग की गयी।

## नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया। 15 सालों से छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में काम रहे सफाई कर्मचारियों का कहना है कि स्कूल सफाई कर्मचारियों का केवल दो घंटा कार्य करना निर्धारित है, पर अधिकतर स्कूलों में भृत्य और चपरासी नहीं होने से उनके सभी काम स्कूल सफाई कर्मचारियों को करना पड़ता है। इस प्रकार पूरा दिन स्कूलों में व्यतीत करने के बाद भी काम के एवज में उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपये से लेकर 3500 रुपये मानदेय भुगतान किया जाता है, जो कि महंगाई के दौर में बहुत कम है। धरना प्रदर्शन कर रहे अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अंशकालीन से पूर्णकालिक कर्मचारी करते हुए कलेक्टर दर वेतन भुगतान की मांग की है। इसी तरह युक्तियुक्तकरण के तहत जिस स्कूल का समायोजन दूसरे स्कूलों में किया जा रहा है, उसी प्रकार स्कूल सफाई कर्मचारियों का भी समायोजन किया जाये। धरना प्रदर्शन कर रहे स्कूल कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

### मांग पूरी नहीं होने पर 15 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने कहा है कि यदि स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं हुई, तो प्रदेशभर के 43 हजार से अधिक अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। विदित हो, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में काम कर रहे अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने अपने 2 सूत्रीय मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने 3 चरणों में आंदोलन किया। इसी कड़ी में मंगलवार को तीसरे चरण के आंदोलन के तहत नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया गया।

# हिस्ट्रीशीटर तोमर भाइयों को तलाशने छापामार कार्रवाई, दो परिचितों के ठिकानों पर दी दबिश

- राजधानी पुलिस आरोपियों के रिश्तेदारों-परिचितों के ठिकाने खंगाल रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर पुलिस हिस्ट्रीशीटर तोमर भाइयों को पकड़ने के लिए उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में मंगलवार को पुलिस ने भाठागांव क्षेत्र में स्थित वॉलफोर्ट सिटी और हनुमान वाटिका कॉलोनी में तोमर भाइयों से जुड़े लोगों के दो ठिकानों पर छापा मारा। पुलिस को संदेह है कि तोमर भाई रायपुर में ही अपने किसी परिचित या उनसे जुड़े लोगों के यहां छिपे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो छापेमारी के दौरान दोनों ठिकानों पर आरोपी मिले नहीं, लेकिन पुलिस को कुछ सुराग एवं ऐसे तथ्य मिले हैं, जो दोनों भाइयों से जुड़े हुए हैं।

### पुराने मामलों की भी जांच की जा रही

*पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से बड़े पैमाने पर बरामद की गई चल-अचल संपति के बाद दोनों के खिलाफ प्रकरणों की भी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों का सूदखोरी का बड़ा कारोबार है। दोनों भाइयों के खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों में हत्या, सूदखोरी, जबरन वसूली, मारपीट, जान से मारने की धमकी, अपहरण और गोलीबारी जैसे कई गंभीर मामले वीआईपी रोड, भाठागांव, कबीर नगर, कोतवाली, आजाद चौक, गुढ़ियारी, अमलीडीह व हलवाई लाइन समेत कई थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं। वे कई बार जेल जाकर जमानत पर बाहर आ चुके हैं।*

### तेलीबांधा घटना के बाद से दोनों फरार

तेलीबांधा क्षेत्र के एक क्लब में एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट की घटना के बाद से हिस्ट्रीशीटर रोहित सिंह तोमर और उसका भाई वीरेंद्र सिंह तोमर फरार है। इस घटना के बाद पुलिस ने तोमर भाइयों के भाठागांव स्थित ठिकाने पर सर्च वारंट के साथ छापा मारा था। इस छापेमारी के दौरान दोनों भाई मौके पर नहीं मिले, लेकिन उसके घर से लाखों रुपए नकदी, सोने-चांदी के जेवरात, जमीन के दस्तावेज के साथ रिवाल्वर, पिस्टल, तलवार भी बरामद की गई थी। पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर दोनों की लगातार तलाश कर रही है। इसके लिए तोमर भाइयों के परिवार से जुड़े रिश्तेदारों के साथ उनके परिचित एवं उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी छापा मार रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने वॉलफोर्ट में किसी रविंद्र सिंह के घर में छापा मारा है। बताया जा रहा है कि रविंद्र सिंह से तोमर भाइयों की काफी करीबी है। इसी कारण पुलिस ने वहां छापा मारकर दोनों भाइयों के छिपे रहने का ठिकाना के साथ उनके कारोबार के बारे में पता लगा रही है। इधर भाठागांव पानी टंकी के पास हनुमान वाटिका स्थित एक घर में छापा मारकर वहां जांच-पड़ताल की गई है।

# पहली मेरिट लिस्ट 26 को, रविवि सौंपेगा महाविद्यालयों को छात्रों के नाम, 12वीं के अंक तय करेंगे सीट

## महाविद्यालयों में तीन चरणों में होंगे दाखिले, रविवि ने जारी किया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ऑटोनॉमस महाविद्यालय अपने स्तर पर घोषित करेंगे तिथि

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में पहली मेरिट लिस्ट 26 जून को जारी की जाएगी। इस बार दाखिले तीन चरणों में होंगे। रविवि ने दाखिले का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। रविवि द्वारा आवेदन पोर्टल पहले ही खोला जा चुका है, लेकिन आवेदन पोर्टल प्रारंभ किए जाने के दौरान रविवि ने अंतिम तिथि अथवा अन्य तिथियों का जिक्र नहीं किया था। महाविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया इस बार 31 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद आवेदन पोर्टल सहित महाविद्यालयीन स्तर पर दाखिले भी बंद हो जाएंगे। रविवि द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, सभी शासकीय व निजी महाविद्यालयों में समस्त स्नातक प्रथम सेमेस्टर और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 6 जून से 31 जुलाई तक खोला गया है।



किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए छात्रों को रविवि के आधिकारिक वेबसाइट में जाकर आवेदन करना होगा। रविवि द्वारा छात्रों के आवेदनों को उन महाविद्यालयों को प्रेषित करेगा, जिनका चयन विद्यार्थियों ने फॉर्म भरने के दौरान किया है। विवि द्वारा महाविद्यालयों को सूची प्रदान किए जाने के अगले दिन प्रतिशत आधार पर महाविद्यालय मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों को आधार बनाया जाएगा, जबकि स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए स्नातक के अंकों को आधार बनाया जाएगा। इस वर्ष सिस्टम में बदलाव करते हुए ऑटोनॉमस महाविद्यालयों को अपने स्तर पर आवेदन मंगाने और मेरिट लिस्ट जारी करने की छूट प्रदान की गई है।जबकि शेष अन्य महाविद्यालयों को रविवि ही सूची प्रेषित करेगा।

### तीसरे चरण के बाद पहले आओ-पहले पाओ

*तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 25 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। इसके बाद महाविद्यालयों में रिक्त सीटें सभी वर्गों के लिए खोल दी जाएंगी। इन रिक्त सीटों पर महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर छात्रों को प्रवेश देंगे। अर्थात पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर छात्रों को दाखिले मिलेंगे। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन करने निर्देश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति के बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश नहीं देंगे।*

### ऐसा है शेड्यूल

**प्रथम चरण**
विवि द्वारा महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि - 25 जून
महाविद्यालयों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी करने की तिथि - 26 जून
महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि - 25 जून से 8 जुलाई

**द्वितीय चरण**
विवि द्वारा महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि - 8 जुलाई
महाविद्यालयों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी करने की तिथि - 9 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि - 9 से 14 जुलाई

**तृतीय चरण**
विवि द्वारा महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि - 14 जुलाई
महाविद्यालयों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी करने की तिथि - 15 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि - 15 से 25 जुलाई

## बिजनेस साइट

# 'फेस ऑफ श्री शिवम' में बच्चों ने दिखाया टैलेंट, 515 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

मृदुल गिल्दा और लिनीशा शर्मा को 'फेस ऑफ श्री शिवम' का खिताब

**रायपुर**। राज्य के प्रतिष्ठित मल्टी-ब्रांड फैशन स्टोर श्री शिवम द्वारा बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित फैशन इवेंट 'फेस ऑफ श्री शिवम– द स्टाइलिश किड' का आयोजन रायपुर स्थित स्टोर में धूमधाम से किया गया। इस भव्य आयोजन में लगभग 515 बच्चों ने भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। यह रैम्प वॉक शो केवल एक प्रतियोगिता नहीं था, बल्कि बच्चों के लिए एक उत्साहवर्धक मंच था, जहां उन्होंने विभिन्न टैलेंट जैसे फैशन रैम्प वॉक, डांस, अभिनय और अभिव्यक्ति की कला का प्रदर्शन किया। इवेंट के दौरान मृदुल गिल्दा और लिनीशा शर्मा को 'फेस ऑफ श्री शिवम' का खिताब प्रदान किया गया। साथ ही 12 अन्य प्रतिभागियों को कॉन्सोलेशन प्राइज से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 'बेस्ट ऐटिट्यूड', 'बेस्ट एक्सप्रेशन', 'बेस्ट परफॉर्मेंस', 'बेस्ट रैम्प वॉक' और 'बेस्ट डांस' जैसे आकर्षक टाइटल भी दिए गए।





# उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क फाइब्रोस्कैन और एंडोस्कोपी शिविर



**रायपुर**। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल ने पेट, लिवर और आंत संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए जून माह में निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया है, जिसमें मरीजों को उन्नत जांच सेवाएं बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर के अंतर्गत 12 जून को लिवर रोगों के लिए फाइब्रोस्कैन जांच की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। वहीं 14 जून और 28 जून को पेट संबंधी रोगों की जांच के लिए एंडोस्कोपी की सुविधा भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के दौरान अनुभवी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम मरीजों की जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेगी। यह पहल खासकर उन मरीजों के लिए लाभकारी है, जो आर्थिक कारणों से नियमित जांच नहीं करा पाते। इन निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाने के लिए मरीजों को अग्रिम पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।




खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना

**रायपुर**। बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके बाद मंदिर के महंत ने छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### संत कबीर साहेब की जयंती पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 जून को संत कबीर साहेब की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं थे, बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर साहेब के विचारों ने न केवल भारतवर्ष, बल्कि पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। छत्तीसगढ़ की धरती पर भी उनके विचारों की अलख जगाए रखने का कार्य उनके अनुयायी लगातार कर रहे हैं। कबीरधाम से लेकर दामाखेड़ा तक उनके अनुयायियों द्वारा उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

### माशिम की द्वितीय अवसर परीक्षा 8 जुलाई से

**रायपुर**। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय अवसर परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। माशिम द्वारा यह परीक्षा अगले माह आयोजित की जाएगी। दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में पूरक श्रेणी में आए विद्यार्थियों के अलावा ऐसे छात्र जो उत्तीर्ण हो चुके हैं, लेकिन श्रेणी अथवा अंक सुधार करना चाहते हैं, वे भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। जारी समय-सारिणी के मुताबिक, दसवीं की परीक्षा 9 से 21 जुलाई तक तथा बारहवीं की परीक्षा 8 से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। समय-सारिणी माशिम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इधर, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मई माह में ही प्रारंभ कर दी गई थी। 17 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। माशिम की तरह सीबीएसई में भी ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 'कम्पार्टमेंट' श्रेणी में रखा गया था, वे पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। इसके अलावा, निजी छात्र जो पहले ही उत्तीर्ण हो चुके हैं, लेकिन किसी विषय में अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे भी पंजीकरण करा सकते हैं।

### सूने मकान से नकदी-जेवर समेत 88 हजार की चोरी

**रायपुर**। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी प्रदीप पटेल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 10 हजार तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत 78 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 11 जुआरी गिरफ्तार डेढ़ लाख बरामद

**रायपुर**। टिकरापारा पुलिस ने कॉलोनी फेस-2 बिजली खंबे के पास जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ताश पत्ती सहित नकदी 1 लाख 54 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी मुकेश लालवानी सहित अन्य 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 11 जून 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




## एजुकेशन अलर्ट

### छग में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती शुरू 12वीं पास युवा कर सकते हैं आवेदन



**रायपुर।** पुलिस विभाग ने सरकारी नौकरी की खोज कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 27 जून 2025 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर केवल ऑनलाइन माध्यम से सीजी व्यापम की ऑफिशियल वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक कर फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का स्थाई निवासी होना चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण किया हो। इस भर्ती में शामिल होने के लिए पुरुष अभ्यर्थियों की न्यूनतम लंबाई 167.5 सेमी होनी चाहिए। एससी/ एसटी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए लंबाई 165 सेमी निर्धारित है। इसके अलावा पुरुष का सामान्य रूप में सीना 81 सेमी और फुलाकर 86 सेमी होना अनिवार्य है। महिला उम्मीदवारों के लिए लंबाई 152.4 सेमी तय की गई है।

#### एप्लीकेशन प्रोसेस

इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **vyapamcg.cgstate.gov.in** पर विजिट करें। वेबसाइट के होमपेज पर आपको ऑनलाइन एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। अब अगले पेज पर कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक पदों की भर्ती परीक्षा पर क्लिक करना है। **Online Application Form** पर क्लिक करने के बाद क्रिएट न्यू प्रोफाइल पर क्लिक करें और मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण कर लें। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें। अंत में निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें और भविष्य के सन्दर्भ के लिए उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

#### शुल्क ऑनलाइन माध्यम से

*आवेदन के साथ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को शुल्क के रूप में 350 रुपए, ओबीसी वर्ग को 250 रुपए और एससी/एसटी वर्ग को 200 रुपए जमा करना होगा। शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।*

घोड़ा रोय घोड़सार म अउ हाथी रोवय हाथीसार म, मोर रानी ये ओ महल म रोवय, मोर राजा रोवय दरबारे ओ, दरबारे ओ, भाई ये दे जी.....ये पंक्तियां स्वयं में परिपूर्ण हैं। प्रत्येक भरथरी गाथा की प्रस्तुति इन पंक्तियों के बिना अधूरी है। गायन और संगीत की शुरुआत इससे होती है। उज्जैन के महाराजा भरथरी की जीवनगाथा पर आधारित वैराग्य नाट्य की प्रस्तुति ने रंग मंदिर सभागार में मौजूद सभी दर्शकों को गाथा की महिमा से जोड़ने का प्रयास किया। पंक्ति गायन के साथ लोकनाट्य भरथरी की मंचीय प्रस्तुति प्रारंभ की गई, जहां राजा भरथरी और उनकी पत्नी रानी सामदेई के विवाह दृश्य से नाटक की शुरुआत की गई।

## 7 जन्मों बाद खुला पलंग टूटने का रहस्य, राजा की जिज्ञासा से उजागर हुई रानी रूपदेही की कथा

### लोकनाट्य उत्सव का आगाज, पहले दिन राजा भरथरी की वैराग्य कथा पर आधारित नाटक का मंचन





**रायपुर।** रंग सरोवर और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में लोकनाट्य उत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय उत्सव के पहले दिन राजा भरथरी की जीवनगाथा पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई, जहां मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, पद्मश्री मदन चौहान और पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले उपस्थित हुए।

#### रानी सामदेई पहले जन्म में तुम्हारी मां थी

राजा भरथरी, मेरे 7 जन्म पूर्ण होने के बाद ही तुम्हें पलंग टूटने का रहस्य बता सकती हूं....ये संवाद रानी रूपदेही और राजा भरथरी के बीच हो रहे थे, जिसके बाद रानी ने सुवा, कछुआ, गाय जैसे अनेक पशुओं के शरीर में जन्म लिया और अंत में 7वां जन्म नन्ही कन्या के रूप में लिया। इसके बाद रानी रूपदेही ने बताया कि राजा भरथरी, तुम्हारी पत्नी रानी सामदेई, तुम्हारे पहले जन्म में रानी फुलवा तुम्हारी मां थी, जिसके कारण विवाह के पहले दिन ही सोने का पलंग तुमसे टूट गया। इस कारण श्रापित शिकार की कहानी भगवान द्वारा रची गई।





#### रहस्य और रोमांच से भरा नाटक


रंग मंदिर सभागार में आयोजित 1 घंटे 20 मिनट की प्रस्तुति रोमांच और रहस्य से भरी रही, जिसमें राजा भरथरी अपने विवाहित जीवन के पहले दिन सोने का पलंग टूट जाने के रहस्य को लेकर लंबे अरसे तक इंतजार करते दिखते हैं। नाटक का दूसरा दृश्य कुछ इस प्रकार रहा, जिसमें राजा भरथरी द्वारा श्रापित मृग के शिकार और गुरु गोरखनाथ की शिक्षा व ज्ञान दिया गया। इसमें स्वयं भगवान ने मृग को श्रापित कर मनुष्यों के बीच भेजा था। शुरुआती नाटक में यह दृश्य कई दर्शकों को समझने में वक्त लगा, लेकिन धीरे-धीरे सभी रहस्यों की गुत्थी सुलझती गई।

#### राजा भरथरी की जिज्ञासा के इर्द-गिर्द घूमता रहा नाटक

*रानी सामदेई से विवाह के बाद राजा भरथरी के महल में मौजूद सोने का पलंग टूट जाता है, जिसके बाद रानी राजा पर व्यंग्य कसती नजर आती हैं, जिसमें राजा भरथरी पलंग टूटने का कारण पूछते हैं, तब रानी अपने छोटी बहन रानी रूपदेही के पास इसके कारण का जिक्र करती हैं। इसके बाद राजा तुरंत रानी रूपदेही से कारण का पता लगाने पहुंचते हैं, राजा की जिज्ञासा पर ही यह पूरा नाटक उनके इर्द-गिर्द घूमता रहा।*

## सिटी इवेंट

### 1949 के ऐतिहासिक अभिलेखों से रूबरू हो रहे इतिहास प्रेमी



**रायपुर।** संस्कृति विभाग में विश्व अभिलेखागार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमें सीपी बरार, 1949 बस्तर महुआ प्रतिबंध जैसे ऐतिहासिक अभिलेखों को पीवीसी शीट पर प्रिंट कर इतिहास प्रेमियों के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया गया है। बता दें कि संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय छत्तीसगढ़ द्वारा 9 से 13 जून तक विश्व अभिलेखागार दिवस सप्ताह आयोजित किया गया है। इसका विषय सबके लिए अभिलेखागार ऐतिहासिक दस्तावेजों की छायाचित्र प्रदर्शनी, संवाद व परिचर्चा रखा गया। यह प्रदर्शनी विभाग की कला वीथिका आर्ट गैलरी में प्रदर्शित है, जहां पर इतिहास प्रेमी प्रदर्शनी में पहुंचकर राजवंशों, अंग्रेजी शासन व आजादी के समय से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को अभिलेखों के माध्यम से जानने-समझने की कोशिश कर रहे हैं। संस्कृति विभाग अभिलेखागार के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद मध्यप्रदेश से लाए गए महत्वपूर्ण अभिलेखों को कंप्यूटरीकृत कर संग्रहित किया गया है। इसे आने वाले दिनों में संस्कृति विभाग अभिलेखागार के स्वयं अभिलेख वेब पोर्टल डिजिटलिकरण के माध्यम से वेब पोर्टल पर डिस्प्ले किया जाना है। अभिलेखागार के अधिकारियों के मुताबिक, परिसर के हाटगृह में भी अभिलेखों को संयोजित कर रखा गया है, जहां इतिहास प्रेमियों के लिए बैठक व्यवस्था भी की गई है।



#### अभिलेख वेब पोर्टल से जानकारी होगी सरल

अभिलेख वेब पोर्टल बनने से इतिहास प्रेमियों व शोधकर्ताओं को इससे जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। गौरतलब है कि संस्कृति विभाग परिसर की कला वीथिका गैलरी में ही इन ऐतिहासिक दस्तावेजों की मूल कॉपी संग्रहित कर रखी गई है। इसे डिजिटल बनाने पिछले पांच सालों से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक इन ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों का वेब पोर्टल नहीं बन पाया है। इन अभिलेखों के डिजिटलीकरण को लेकर अभिलेखागार के अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही अभिलेख वेब पोर्टल बना लिया जाएगा।

## युवाओं में बढ़ा स्पोर्ट्स बाइक का क्रेज राइडर ग्रुप बनाकर टूर कर रहे प्लान

बाइक शोरूम से हर महीने लगभग 200 स्पोर्ट्स बाइक की बिक्री

**रायपुर।** आज के समय में ज्यादातर युवाओं का सपना महंगी सुपर फीचर एडवांस वाली बाइक की राइडिंग का होता है, जिसकी सवारी कर वह अपनी मनपसंद जगहों का सैर-सपाटा कर सके। ऐसे ही ख्वाहिशों को शहर की युवावर्ग सुपर स्पोर्ट्स बाइक राइडर ग्रुप बनाकर पूरी कर रहे हैं। अपने बिजनेस आइडिया व मेहनत के दम पर युवावर्ग महंगी एडवांस सुपर स्पोर्ट्स बाइक्स का कलेक्शन कर सिटी बाइक्स राइडर ग्रुप बनाकर प्रदेश के अपने खास टूरिज्म डेस्टिनेशन का टूर प्लान कर बाइक्स राइड एंजॉय कर रहे हैं। यूं तो आमतौर पर डेली आवागमन के लिए हर कोई सामान्य मोटर बाइक का उपयोग कर ही रहे हैं, लेकिन सुपर स्पोर्ट्स बाइक्स को राइड करने का मजा अलग ही होता है। सिटी में कुछ खास युवावर्ग ऐसे हैं, जो सुपर स्पोर्ट्स बाइक के दीवाने हैं।



#### 300 सीसी से ऊपर वाली सुपर बाइक्स की डिमांड बढ़ी

जीके होंडा एंड स्पोर्ट्स बाइक्स के डीलर, डायरेक्टर पुनीत पारवानी का कहना है कि पहले के मुकाबले महंगे बाइक्स, जो 300 सीसी से अधिक की है, उसकी डिमांड बढ़ी है। औसतन हर महीने 200 सुपर स्पोर्ट्स बाइक बिक रही हैं। एडवांस फीचर वाली सुपर स्पोर्ट्स बाइक्स की शोरूम कीमत की बात करें तो न्यूनतम 2 लाख रुपए से स्टार्ट होकर अधिकतम 5 लाख से अधिक की है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि सालाना लगभग 50 करोड़ रुपए तक सुपर स्पोर्ट्स बाइक्स की कारोबार राजधानी में हो रहा है।

#### टूरिज्म डेस्टिनेशन तक पहुंचने बाइक्स की सवारी

ट्रीपलायड बाइक राइडर ग्रुप के सदस्य अमिय ठाकुर ने बताया कि 2020 में इस ग्रुप की शुरुआत 2 लोगों से हुई थी, आज इसके मेंबर्स की संख्या 80 पहुंच गई है। हमारा कैफे भी है, हम ग्रुप के सभी सदस्य समय-समय पर प्रदेश के अलग-अलग टूरिज्म डेस्टिनेशन तक बाइक पर ही पहुंचते हैं। अभी 14-15 जून को दो दिवसीय बाइक राइडिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन रायपुर से बार नवापारा प्लान किया हुआ है। इसमें करीब 35 बाइक राइडर्स शामिल होंगे। ट्रीपलॉयड बाइक्स राइडर ग्रुप में 250 सीसी से 500 सीसी तक की स्पोर्ट्स बाइक्स का ज्यादतर उपयोग किया जाता है। इसमें होंडा सीबी 500 एक्स बाइक, सुजुकी बाइक्स, डॉमिनर 400 सीसी की बाइक शामिल है।

## महिलाओं और छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की दी जा रही ट्रेनिंग

**रायपुर।** जीवनदान सेवा संस्था योगी फिटनेस अकेडमी और कला शक्ति अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस की नेशनल क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं तथा विद्यार्थियों को आत्मसुरक्षा के प्रति जागरूक और सक्षम बनाने के लिए शुरु किया गया है। इन क्लासेस में प्रतिभागियों को सुरक्षा के विभिन्न उपायों और तकनीकों की गहन जानकारी डीप ट्रेनिंग दी जा रही है। अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में यह प्रशिक्षण पूरी तरह से व्यावहारिक और उपयोगी बनाया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में आत्मरक्षा की क्षमता विकसित की जा सके। कार्यक्रम के संयोजकों योगेश्वर मानिकपुरी महासचिव जीवन दान सेवा संस्था भिलाई टीम,प्रोपराइटर योगी फिटनेस अकेडमी ने बताया कि आत्मरक्षा आज की आवश्यकता बन चुकी है, और इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। यह क्लासेस सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुली हैं और निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वावलंबन, आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति सजगता को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### साइंस सेंटर और आईआईटी भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर

## विद्यार्थियों ने देखा पोटेशियम-ग्लिसरीन के मिश्रण से ज्वालामुखी जैसा नजारा

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर और आईआईटी भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, साथ ही शासकीय व निजी स्कूल से 40 विद्यार्थियों की टीम उपस्थित रही। ज्ञान से प्रचुर शिविर में रोचक रसायन शास्त्र की जानकारी दी गई। पहले दिन अम्लीय क्षार, धातु और केमिकल रिएक्शन से संबंधित जानकारी दी गई।



#### इनविजिबल इंक, केमिकल रिएक्शन, धातु पर प्रशिक्षण

*शिविर के दौरान केमिकल रिएक्शन से पानी को ठंडा और गर्म करने की विधि बताई गई। कहा, अमोनियम क्लोराइड में पानी मिलाने से ठंडा हो जाता है, वहीं सोडियम हाइड्रॉक्साइड में पानी मिलाने से वह गर्म हो जाता है, इस सामान्य प्रक्रिया से होने वाले केमिकल रिएक्शन की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इनविजिबल इंक टॉपिक प्रशिक्षु छात्रों के लिए रोमांच से भरा रहा। प्रोफेसर मो. आलम ने बताया कि बेकिंग सोडा में पानी मिलाकर पन्ने पर लिखने से अक्षर नहीं दिखते, लेकिन इसे देखने के लिए हल्दी पानी या लेप पेपर पर लगाने से वे उभरकर दिखने लगते हैं।*

#### केमिकल रिएक्शन का प्रशिक्षण

*शिविर के दौरान दो केमिकल रिएक्शन से ज्वालामुखी-सा दृश्य कैंप में देखने को मिला। चर्चा के दौरान प्रशिक्षक ने बताया कि विज्ञान एक ऐसा विषय है, जो रहस्य और रोमांच से भरा है। पोटेशियम परमैंगनेट और ग्लिसरीन केमिकल मिलाने से केमिकल रिएक्शन देखने को मिलता है, जिसमें केमिकल गर्म होकर ज्वालामुखी-सा उबलने लगता है। इस दौरान फलों व सब्जियों में पाए जाने वाले अम्लीय क्षार की भी जानकारी दी गई।*

#### रंगों के माध्यम से धातु की पहचान

*चार दिवसीय शिविर के दूसरे दिन इनविजिबल इंक के दूसरे पार्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें नीबू की मदद से केमिकल रिएक्शन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और केमिकल रिएक्शन बताया जाएगा। पहले दिन धातु की पहचान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया, इसमें सोडियम, आयरन, कॉपर और कैल्शियम की पहचान रंगों से कराई गई, जिसमें सोडियम गोल्डन यलो, आयरन यलो, कॉपर ग्रीन और कैल्शियम रेड के बारे में बताया गया।*

## सिटी लाइव

# राज्य खेल पुरस्कार अलंकरण के लिए आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 30 जून



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को खेल पुरस्कार के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नकद राशि, प्रेरणा निधि, डाइट मनी पुरस्कार के लिए आवेदन दो वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 राज्य खेल अलंकरण हेतु खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अंतिम तिथि 20 जून 2025 तक निर्धारित है। आवेदक अपने आवेदन संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जीई रोड रायपुर में सीधे जमा कर सकते है। साथ ही साथ जिला कार्यालयों में भी आवेदन पत्र स्वीकार किये जाएंगे।

### खिलाड़ियों को दिए जाएंगे ये पुरस्कार

वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए 'खेल अलंकरण पुरस्कार' में शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु रुपए 3 लाख, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु रुपए 1 लाख 50 हजार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु रुपए 1 लाख 50 हजार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान हेतु 25-25 हजार नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जिसमें ऐसे दलीय खेल, जिसके सदस्यों की संख्या 4 है, उन्हें सीनियर वर्ग में रुपए 2 लाख एवं जूनियर वर्ग में रुपए 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा तथा ऐसे दलीय खेल,, जिनमें सदस्यों की संख्या 4 से अधिक है, उन्हें सीनियर वर्ग में रुपए 5 लाख एवं जूनियर वर्ग में रुपए 3 लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नकद राशि पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## लाइव इवेंट

# 11 जून से महापुराण यज्ञ का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ नगर भ्रमण भी




**रायपुर।** अवलंबन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा श्री शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 11 दिवसीय धार्मिक आयोजन में अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य जयप्रकाश तिवारी यज्ञ के दौरान शामिल होंगे। इस आयोजन में फाउंडेशन के संचालक नितेंद्र सिन्हा ने बताया कि यह धार्मिक उत्सव सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और जनहित की भावना को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। 11 जून से महापुराण यज्ञ का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ किया जाएगा। वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर से नगर भ्रमण से लिए प्रस्थान होगा।

### सती प्रसंग से होगी महापुराण की शुरुआत

कलश यात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र सती प्रसंग, पार्वती जन्मोत्सव, शिव-पार्वती विवाह, भोलेनाथ की बारात, ज्योतिर्लिंग पूजन, त्रिपुरासुर वध सहित अनेक दिव्य प्रसंगों की प्रस्तुति होगी। पहले दिन सुंदरकांड पाठ, दूसरे दिन कलश यात्रा एवं कथा परिचय, तीसरे दिन दक्ष यज्ञ एवं सती प्रसंग, चौथे दिन पार्वती जन्मोत्सव, पांचवे दिन भोलेनाथ की बारात एवं शिव-पार्वती विवाह, छठवें दिन रुद्राभिषेक एवं भस्म आरती, सातवें दिन कार्तिकेय एवं गणेश जन्मोत्सव, आठवें दिन द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन, नौवें दिन त्रिपुरासुर का वध, दसवें दिन मां तुलसी प्रसंग और अंतिम दिन अग्निमंथक, वेदी पूजन एवं यज्ञ होगा।

● शहर के सिविल लाइंस, भाठागांव, महादेवघाट, मोवा, नवा रायपुर से सबसे अधिक स्नैक रेस्क्यू के केस

# बरसात आते ही शहर में निकलने लगते हैं 10 प्रजाति के सांप इनसे बचना है तो घर-गार्डन की सफाई, पर्याप्त रोशनी जरूरी

**जून से सितंबर महीने तक अमूमन रहवासी क्षेत्रों, खासकर घरों में सांप का खतरा बढ़ जाता है। बरसात आते ही राजधानी में 10 प्रजाति के सांप घूमने लगते हैं, इनमें कुछ सांप जहरीले होते हैं तो कुछ विषहीन, फिर भी सांप कोई सा हो, आमजन इनसे दूर रहना ही पसंद करते हैं। अबकी बार बरसात के मौसम शुरू होने से पहले राजधानीवासी कैसे खुद को सांप के खतरे से बचाएं और शहर के कौन से इलाके में सबसे ज्यादा कौन-कौन से प्रजाति के सांप बिल से बाहर आते हैं, इन सबको लेकर हरिभूमि ने स्नैक रेस्क्यू एक्सपर्ट दल नोवा नेचर सोसायटी के सदस्यों से बरसात में स्नैक रेस्क्यू के बारे में बातचीत की।**




### ये 10 प्रजाति के सांप पाए जाते हैं यहां

राजधानी के अंदर विषैले सांपों में नाग, करैत, जुड़ा महामंडल सबसे अधिक रेस्क्यू किया जाता है। वहीं विषहीन में धमना, पानी वाला सांप, पिरपिटी, मिट्टी सांप, अजगर, आभूषित सर्प शामिल है। विषैले व विषहीन दोनों तरह की सांपों की बात कहें तो शहर में ये 10 प्रजाति के सांप पाए जाते हैं। लोगों से अपील है कि सभी सांप विषैले नहीं होते और हमें इनकी जरूरत नहीं समझकर सभी सांपों को पकड़वाना और उन्हें दूर करना हमारे लिए घातक भी हो सकता है।

**रायपुर।** इस दौरान स्नैक रेस्क्यू एक्सपर्ट टीम के सदस्यों ने बताया कि यूं तो राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में 10 प्रजाति के सांप प्रमुख रूप से पाए जाते हैं। इनमें जहरीले किस्म के सांप व विषहीन सांप शामिल हैं। इन सांपों के संबंध में हर मौसम में सूचना मिलने पर नोवा नेचर सोसायटी स्नैक रेस्क्यू की टीम तुरंत रेस्क्यू को अंजाम देती है, लेकिन बरसात के मौसम में शहर में सांप रेस्क्यू के केस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्वाभाविक तौर पर सांप गर्मी बढ़ने व बारिश में बिलों में पानी भर जाने की वजह से मैदानी क्षेत्रों विशेषकर घरों, उद्यानों, बाड़ियों में आ जाते हैं। बरसात के मौसम में सावधानी नहीं बरतने से



सांप घरों तक पहुंचते हैं, ऊपर से सांपों को पहचान की जानकारी ज्यादातर लोगों में नहीं होने से वे भयभीत होने लगते हैं। इस हालात में नोवा नेचर सोसायटी के सदस्य सूचना मिलने पर सांप का रेस्क्यू कर उनकी पहचान से लोगों को जागरूक करते हैं और उनका भय दूर करते हैं। बरसात के मौसम में कुछ सावधानियां बरतकर सर्पदंश से बचा जा सकता है।



### इन इलाकों में सबसे ज्यादा रेस्क्यू

नोवा नेचर सोसायटी की रेस्क्यू टीम के अध्यक्ष एम. सूरज ने बताया कि राजधानी के प्राय सभी क्षेत्रों से हमारे स्नैक रेस्क्यू दल को मोबाइल पर सूचना मिलती है और 24 घंटे और सातों दिन रेस्क्यू टीम अलर्ट होकर अपना काम कर रही है, पर बरसात के मौसम में एक ही दिन में 30 से 35 रेस्क्यू कॉल होते हैं। इनमें शहर के सिविल लाइंस, भाठागांव, महादेवघाट, विधानसभा, फाफाडीह, सड्डू, मोवा, नवा रायपुर से सबसे अधिक स्नैक रेस्क्यू की केस आता है। इसके अलावा खारुन नदी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों से भी बहुत फोन कॉल आते हैं।



### मंत्री-अफसरों के बंगलों से नाग, धमना का रेस्क्यू

नोवा नेचर सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि उनकी स्नैक रेस्क्यू टीम ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सीएम हाउस, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कांग्रेस नेत्री देवती कर्मा, मंत्री केदार कश्यप के आवास व बंगले से नाग, धमना जैसे सांपों का रेस्क्यू किया है। इसके अलावा सरकारी भवनों में वन विभाग, कलेक्ट्रेट, पुलिस विभाग और कई उच्चाधिकारियों के घरों से भी स्नैक रेस्क्यू किया है।

### सावधानी बरतें, जागरूक रहें

*आपके घरों में विषहीन सांप है, जैसे धमना, जो एक साल में 200 से 300 चूहों को खाता हैं, यदि उसे हटा दें तो चूहों के कारण हो सकता है, कोई अन्य विषैला सांप वहां आ जाए। ऐसे में सांप का पहचान करें व पहचान नहीं कर सकते तो नोवा नेचर सोसायटी स्नैक रेस्क्यू को सूचित करें। बता दें कि सांप खुद से आकर कभी नहीं काटते, अपने घर के आसपास गंदगी न रखें, गार्डन में साफ-सफाई रखें, रोशनी रखें तो सांप भी हमसे दूर ही रहेंगे।*

चिंताहरण हनुमान मंदिर में तृतीय वार्षिकोत्सव पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भंडारा भी

# शोभायात्रा में निकली राम दरबार की झांकी, रंगोली से सजाई सड़कें

**रायपुर।** संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के तृतीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर बड़े मंगलवार को श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी में धूमधाम से समारोह आयोजित किया गया। सुबह से ही पूजा-अर्चना, स्वामिनी भोग, छप्पन भोग, पान भोग, भजन संध्या और भंडारे में भक्तों ने हिस्सा लिया। सुबह 6.30 बजे श्री गणेश मंदिर, अग्रसेन चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शोभायात्रा में झंडे, गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों की गूंज रही। बच्चों ने राम दरबार की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। इस्कॉन मंदिर के हरे रामा-हरे कृष्णा ग्रुप ने भजन प्रस्तुत किए। घोड़ी-बग्गी, ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के बीच पारंपरिक पोशाकों में शोभायात्रा समता कालोनी और चौबे कालोनी के प्रमुख मार्गों से होकर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंची।





### स्केटिंग करते हुए बनाई लाइव रंगोली

प्रसिद्ध कलाकार वीरेंद्र साहू द्वारा स्केटिंग करते हुए शोभायात्रा मार्ग पर लाइव रंगोली व फायर रंगोली बनाई गई। रंगबिरंगी रंगोली से समता-चौबे कॉलोनी की सड़कें खूबसूरत और रंगीन नजर आईं। विगत कई वर्षों से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में भजन गायक तरूण सोनी की टीम ने गणेश मंदिर अग्रसेन चौक से शोभायात्रा के साथ-साथ अपने मशहूर भजनों से श्रद्धालुओं को सराबोर किया। उनकी पूरी टीम गाड़ियों पर सवार होकर, वहीं भजन गायक ने पैदल आमजनों के बीच चलते हुए भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें श्रीराम, श्री हनुमान, श्री श्याम के प्रसिद्ध भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# राधा-कृष्ण का किया दिव्य अलंकार, कराया नौकायान

**रायपुर।** हरे कृष्णा मूवमेंट सेक्टर-6 अक्षय पात्र के प्रांगण में सोमवार की शाम को कोलकाता के पास स्थित पानीहाटी स्थान का धार्मिक महोत्सव चैतन्य महाप्रभु के शिष्य रघुनाथ दास भगवान के स्मरण दिवस के रुप में दही चिवड़ा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण का दिव्य अंलकार कर पालकी यात्रा निकाली गई और नौकायन भी कराया गया। जिसके बाद सभी को दही चिवड़ा का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में हरे कृष्ण मूवमेंट से जुड़े अनुयाइयों में भक्ति भाव के साथ हरे कृष्ण का जाप करते हुए झूमते रहे। यह उत्सव ब्रम्ह माधव गौड़ीय सम्प्रदाय के एक श्रेष्ठ आचार्य रघुनाथ दास गोस्वामी के संन्यास लेने की स्मरण तिथि के रूप में मनाया जाता है। रघुनाथ दास भगवान चैतन्य महाप्रभु के शिष्य थे। अत्यंत धनी परिवार में जन्म होने के बावजूद रघुनाथ दास ने कठोर वैराग्य का पालन करके संन्यास धर्म का पालन किया। इस दिन मंदिर में भगवान राधा कृष्ण का दिव्य अलंकार किया गया।



### दही चिवड़ा प्रसाद वितरित किया

इस अवसर पर पूरे मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया। शाम 6.45 बजे से संध्या आरती एवं कीर्तन से उत्सव का आरंभ हुआ, जिसमें भगवान के नाम के दिव्य मंत्र उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। जिसके बाद जल क्रीड़ा उत्सव में भगवान श्री निताई गौरांग को नाव में बिठाकर नौकायन कराया गया। इस दौरान सभी भक्तों को भिन्न-भिन्न प्रकार के दही चिवड़ा प्रसाद वितरित किया गया। भगवान की महा आरती के बाद महाप्रभु का दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान पालकी में प्रभु को झूला झूलाते हुए भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सभी भक्त हरे राम-हरे कृष्णा का मंत्र जप करते हुए पारंपरिक वाद्य यंत्रो की धुन में नाचते झूमते प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिये। इस अवसर पर भक्तों को महा प्रसाद वितरित किया गया।

# बारिश के साथ जामुन की बाजार में एंट्री, भुट्टा आएगा अगले महीने

**रायपुर।** शहर में मौसमी फलों में जामुन अभी बाजार में आए हुए हैं, जिसका स्वाद राजधानीवासी खूब ले रहे हैं। इसके अलावा जल्द ही जून के अंतिम व जुलाई की शुरुआत में स्वीट कार्न यानी भुट्टा बाजार में पहुंच जाएगा। जामुन एक फल है और भुट्टा अनाज। बारिश के दिनों में इन दोनों का सेहत व स्वाद को लेकर लोगों में एक अलग ही क्रेज रहता है। यूं तो जामुन देशी मौसमी फल के रूप में बेहद कम मात्रा में थोड़े समय के लिए ही बाजार में उपलब्ध हो पाता है। इसीलिए जैसे ही मई-जून में जामुन बाजार में आता है, हर किसी का मन एक बार जामुन का स्वाद लेने को आतुर हो जाता है। उसी तरह स्वीट कार्न यानी भुट्टा भी जुलाई के अंत व अगस्त की शुरुआत में आता है, अधिकतम डेढ़ महीने तक लोग इसका स्वाद ले पाते हैं। स्वीट कार्न व जामुन दोनों के अलग-अलग लाभ हैं।



### स्वीट कार्न भी जल्द आएगा

*डूमरतराई फल व सब्जी व्यापारियों ने बताया कि जल्द ही किसानों के स्वीट कार्न यानी भुट्टे की फसल बाजार में जुलाई के दूसरे सप्ताह तक पहुंच जाएगी। बारिश में भुट्टे की अच्छी खासी आवक व डिमांड चिल्हर व थोक बाजार में रहती है। इसकी कीमत प्रति नग चिल्हर में 10 से 15 रुपए तक होती है। बरसात के मौसम में स्वीट कार्न सेहत व स्वाद के लिए हर वर्ग के लोग खाना पसंद करते हैं।*

### हृदय और लीवर दोनों के लिए लाभकारी

बात करें जामुन की तो डायटिशियन एक्सपर्ट का कहना है कि जामुन में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। जामुन के सेवन से मधुमेह, पाचन की समस्या, हृदय स्वास्थ्य और त्वचा संबंधित बीमारियां दूर रहती हैं। जामुन में जैम्बोलिन नामक एक यौगिक होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। वहीं जामुन में पाए जाने वाले फाइबर की अधिक मात्रा पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करती है और कब्ज को दूर भगाती है। हृदय के स्वास्थ्य को लेकर जामुन में कोलेस्ट्रॉल और ब्लडप्रेशर कम करने की क्षमता होती है, जो दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करती है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय सी कायाकिंग एवं स्टैंड-अप पैडलिंग में मिले छह पदक



**रायपुर।** तीसरी राष्ट्रीय सी कायाकिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप-2025 का आयोजन 5 से 8 जून तक मछलीपट्टनमआंध्र प्रदेश, में किया गया ! जिसमे छत्तीसगढ़ के सौरभ साहू को सी कायाक के-1 श्रेणी के 500 मीटर और 2 किलोमीटर में दो स्वर्ण पदक,साथ ही के-1 200 के व के-1 200 मीटर में रजत पदक प्राप्त किए। सौरभ साहू और सौरभ कुमार के-2 500मीटर में रजत पदक, पुनीत कुमार ने 500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ टीम के साथ गए प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव भारतीय कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन व सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को कुल छह पदक प्राप्त हुए एवं ओवरऑल पदक तालिका में हमारा राज्य छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। जिसके लिए आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कोल्लू रवींद्र मंत्री, खनिज एवं भूविज्ञान आंध्र प्रदेश सरकार ने ट्राफी छत्तीसगढ़ टीम को प्रदान की।

राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बलदेव सिंह भाटिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, अभिजीत मिश्रा, सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह और डॉ नवीन बाफना, सहित संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य को ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक दिलाने वाला यह खेल साई सेंटर रायपुर में पुनः शामिल नहीं हो पा रहा है। संघ के द्वारा आर डी साई, डी जी साई, साई सेंटर रायपुर को पत्र लिखा जा चुका है उक्त पत्र में स्पष्ट लिखा जा चुका है कि ट्रेनिंग के लिए सभी खेल उपकरण राज्य संघ के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अगर आपके सेंटर में जगह नहीं है तो डे बोर्डिंग के माध्यम से उक्त खेल को सम्मलित किया जाना आवश्यक है। जिस से उक्त खेल के खिलाड़ियों को कोच की व्यवस्था हो सके और उन्हें नियमित प्रशिक्षण मिल सके। जिससे विगत वर्षों की तरह राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक दिलाते रहे। संघ के द्वारा बूढ़ातालाब के साथ साथ तेलीबांधा तालाब में कायाकिंग केनोइंग खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु अनुमति के लिए पत्र नगर निगम कमिश्नर को लिखा गया है। राज्य की राजधानी के मध्य स्थित तेलीबांधा तालाब में कयाकिंग खेल के खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### महिला क्रिकेट में रूमा दास की शानदार पारी, जड़ा शतक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेन/अंडर-23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन ने वेस्ट जोन के विरुद्ध 25 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 6 विकेट पर 183 रन बनाए। जिसमें रूमा दास ने नॉट आउट 100 रन (कैरिंग द बैट अर्थात ओपनिंग बैटिंग से अंत तक आउट नहीं होना) शिवानी कृष्णा ने 33 रन और तानिया बेरिया ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की प्रिया साव ने 4 विकेट, कृति गुप्ता एवं डाली ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन की टीम 158 रन पर आउट हुई। जिसमें निधि सूर्यवंशी ने 73 रन और कामना यादव ने 37 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में ईस्ट जोन की दीप्ति ढीमर ने 4 विकेट, तान्या बेरिया ने 3 विकेट, ख्वाब नागवाणि एवं मानसी उपाध्याय ने एक-एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन ने साउथ जोन के विरुद्ध 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 132 रन पर आउट हुई। जिसमें सृष्टि शर्मा ने 32 रन, प्रांशु प्रिया ने नॉट आउट 21 रन और संजना पारधी ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की किरण वर्मा एवं उर्मिला हरिना ने दो-दो विकेट लिए। प्रतिज्ञा सिंह, आंशी अग्रवाल एवं दीप माला मिंज ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 4 विकेट पर 133 रन बनाए। जिसमें शिवी पांडे ने नॉट आउट 74 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 16 रन और ईशा भारती देवांगन ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी साउथ जोन प्रांशु प्रिया ने 2 विकेट और हेमा मांडवी ने एक विकेट लिए।

फिटनेस एक्सपर्ट सुचेता पाल ने बताए उपाए

# नई मां के लिए पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना करना होता है मुश्किल, अपनाएं जरूरी टिप्स

नई मां बनने के बाद पोस्टपार्टम चुनौतियों का सामना कितना मुश्किल होता है, फिटनेस एक्सपर्ट सुचेता पाल अपने अनुभव के साथ बताती हैं। जानें कैसे नई माताएं इन समस्याओं से लड़ सकती हैं और स्वस्थ एवं मजबूत बन सकती हैं।

हमने कई बार और कई लोगों के मुंह से यह बात सुनी होगी 'मां बनना आसान नहीं होता है।' इस बात में कितनी सच्चाकई यह तो एक और मां बनकर ही जान सकती है। मगर मं बनने के बाद जो मानसिक और शारीरिक चुनौतियां आती हैं, उनके बारे में खुलकर बात करना बहुत जरूरी है। खासतौर पर तब जब महिला वर्किंग मॉम हो। मैं खुद एक मां और मैटर्नल फिटनेस एड्युकेटर हूं। मेरा अनुभव है कि 6 महीनी की मैटर्निटी लीव एक नई मां के लिए कई लिहाज से सफिशियंट नहीं है। खासतौर पर उसके शारीरिक और मानसिक स्वा स्टै्ट की बात की जाए, तो बच्चाय पैदा करने के 1 साल बात तक भी महिलाएं पूरी तौर पर शारीरिक और मानसिक रूप से रिकवर नहीं कर पाती हैं। पोस्टपार्टम से जुड़ी चुनौतियों का सामना उन्हें कई बार तो 1 वर्ष से अधिक समय तक भी करना पड़ता है। ऐसे में जब महिला अपनी वर्कप्लेुस पर वापस लौटती है, तो लोगों की उम्मीद उससे वैसी ही होती है, जैसे मां बनने से पहले थी। लोग उसके एफिशियंट होने पर भी सवाल उठा देते हैं। मगर लोगों को नहीं पता होता है कि पोस्टव डिलिवरी एक महिला को सेहत से जुड़ी किन परिस्थितियों से गुजरा पड़ सकता है।₹



## न्यू मॉम की फिटनेस के बारे में समझें


यह स्वकभाविक है कि वर्कप्लोस पर हमारे कलीग्सै हमसे उसी तरह के काम और एफर्ट्स की अपेक्षा करते हैं, जैसा वो कर रहे हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है, मगर मैटरनिटी लीव के बाद जब एक महिला वापिस काप पर लौटती है, तो वापस से काम से जुड़ने में और उसे समझने में उसे थोड़ा वक्तज लग सकता है। दरअसल, एक नई मां कई चीजों से डील कर रही होती है। शारीरिक रूप से वह पूरी तरह से स्वास्य् मह नहीं हो पाती है, वहीं मानसिक और भावनात्म क रूप से भी वह कई परिस्थितियों का सामना कर रही होती है। सभी माताओं के साथ अलग-अलग सिचुएशन होती है, ऐसे में उन्हेंत एडजस्टर होने के लिए थोड़ी स्पोस और वक्त मिलना बहुत ही आवश्यरक है।

## कमजोरी और अस्थिरता

एक मैटरनल फिटनेस एड्युकेटर होने के नाते मैंने कई ऐसी न्यूट मॉम्से को देखा है, पोस्टि डिलिविरी डायस्टेसिस रेक्टि नामक परेशानी से जूझ रही होती हैं। दरअसल, प्रेग्नेंमसी के दौरान पेट की मांसपेशियां अलग हो जाती हैं। इसे डिलिवरी के बाद ठीक होने में समय लगता है। इससे हर वक्त लगता है कि पेट लटक रहा है। जाहिर है, महिला का शरीर वैसा नहीं दिखता जैसा पहले दिखता था। ऐसे में लो कॉन्फिडेंस का होना न्यूह मॉम के लिए बहुत बड़ी चुनौती होता है।

पेल्विक फ्लोर समस्याएं

जरा सोचिए कि आपको थोड़ी-थोड़ी देर में वॉशरूम जाना पड़े और आपसे 1 मिनट भी न रुका जाए। जाहिर, वर्कप्लेसि पर यह परेशानी आपको कई बार बहुत ऑकवर्ड फील कराती है। दरअसल, ऐसा पेल्विक



फ्लोर के कमजोर होने के कारण होता है। ऐसे में आपको पता भी नहीं चलता और पेशाब का रिसाव होने लगता है। कई बार आपको भारीपन महसूस होता है। पोस्टं डिलिवरी यह बहुत ही आम समस्याास है। हर महिला के साथ ऐसा नहीं होता मगर 3 में से 1 महिला के साथ ऐसा हो सकता है। इस पर खुलकर चर्चा जरूरी है ताकि न्यू मदर के साथ जब ऐसा हो तो उसके आस-पास के लोग उसकी परेशानी को समझ पाएं।

## पीठ दर्द का होना

प्रेग्नें सी और पोस्टे प्रेग्नें।सी महिलों के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। इससे उनके लिगामेंट्स ढीले हो जाते हैं, जिससे एक ही मुद्रा में बैठे रहना और बहुत अधिक चलना या खड़े रहना भी उनके लिए मुमकिन नहीं होता है। यहां भी उन्हें सपोर्ट की जरूरत होती है। कई बार महिलाएं इस बारे में बात नहीं कर पाती हैं।



# दोस्तों की जगह महिलाएं एआई से ले रही हैं सलाह, आया बदलाव

आज के डिजिटल दौर में एआई टूल्स ने हमारे कई कामों को आसान बना दिया है। वहीं, एआई टूल्स अब रिलेशनशिप एडवाइजर भी बन चुके हैं। आजकल महिलाएं एआई से अपने रिश्ते को लेकर सलाह ले रही हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए ज्यादा समय नहीं है और अब तो डिजिटल दुनिया में महिलाएं अपने रिश्तों की उलझनों को सुलझाने के लिए दोस्तों या काउंसलर के पास भी कम ही जा रही हैं। महिलाएं अब खुलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स से सलाह ले रही हैं, बिना किसी झिझक के! चाहे ब्रेकअप के बाद क्या करना है या किसी रिश्ते में क्या बोलना है, ऐसे सभी सवालों के जवाब उन्हें एआई टूल्स से मिल पा रहे हैं। अगर आपको लग रहा है कि यह सिर्फ एक नया ट्रेंड है, तो आप शायद गलत हैं। असल में, लोग अब अपनी भावनाओं को किसी इंसान से कहने के बजाय टेक्नोलॉजी से कहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि



आजकल औरतें अपने रिश्तों में मदद पाने के लिए इंसानों की जगह एआई को क्यों चुन रही हैं।

जब हमारी लव लाइफ में कुछ गड़बड़ होती है, तो हम अक्सर अपने दोस्तों या घर के लोगों से सलाह मांगते हैं। लेकिन कई बार उनकी सलाह में उनकी अपनी सोच या इमोशन मिले होते हैं। वो भले ही हमारी भलाई चाहते हों, पर वो अपने हिसाब से ही हमें राय देते हैं। इसीलिए आजकल महिलाएं ऐसी सलाह के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ले रही हैं, जो बिना किसी का साथ दिए सिर्फ आपकी बात सुने और समझदारी से जवाब दे।

## जब भी जरूरत हो, तुरंत और पर्सनल मदद

कई बार जब हमारा दिल टूट जाता है या हम परेशान होते हैं, तो हमें किसी से बात करने का मन करता है, लेकिन जरूरी नहीं कि उस समय कोई दोस्त या अपना हमारे पास हो। ऐसे में एआई चैटबॉट तुरंत जवाब देता है। चाहे रात के दो बज रहे हों या जब हमें अकेलापन महसूस हो रहा हो।

## बिना जज किए बात सुनना और आपकी प्राइवेसी का ध्यान रखना


जब हमारे रिश्ते में कोई मुश्किल आती है, तो उसे किसी के साथ शेयर करना कठिन होता है। हमें यह चिंता सताती रहती है कि कहीं सुनने वाला हमें ही गलत ना समझ बैठे या हमारी बातों को किसी दूसरे को जाकर ना बता दे। ऐसे में एआई टूल्स मददगार साबित होते हैं, जिनके सामने बिना किसी डर के हम अपनी बात खुलकर कह पाते हैं। इससे आपको अपने रिश्ते की परेशानियों को अच्छे से समझने और उनका हल ढूंढ़ने में मदद मिलती है।

वैसे तो रिलेशनशिप के बारे में सलाह लेने के लिए काउंसर मौजूद होते हैं, लेकिन इनकी फीस बहुत ज्यादा होती है। हर कोई इनके पास जा नहीं सकता है। ऐस में एआई प्लेटफॉर्म आपकी दिक्कतों और सवालों पर अच्छी सलाह दे सकता है और इसके लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च करने की जरूरत नहीं होती है।



# केले के छिलकों की मदद से झटपट चमकाएं वुडन आइटम

अगर आप अपने घर में मौजूद वुडन आइटम्स को नेचुरल तरीके से क्लीन करना चाहती हैं और उन्हें लंबे समय तक नया बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में केले के छिलके का इस्तेमाल किया जा सकता है।



## लकड़ी का फर्नीचर चमकाएं

लकड़ी के फर्नीचर की चमक को वापिस लाने के लिए केले के छिलके की मदद ले सकते हैं। इसके लिए पके हुए केले के छिलके के अंदरूनी सफेद हिस्से की मदद से लकड़ी के फर्नीचर को हल्के हाथ से रब करें। दरअसल, इसमें मौजूद नेचुरल ऑयल और पोटैशियम लकड़ी को नमी देते हैं और उसमें चमक लौटाते हैं। फर्नीचर को रगड़ने के बाद एक साफ सूखे कपड़े से हल्के हाथ से पोंछें। इससे फर्नीचर और भी चमकने लगेगा।

## लकड़ी के फर्श के दाग करें साफ

लकड़ी के फर्श पर अगर गलती से छोटे दाग या स्क्रैच हों तो ऐसे में केले के छिलके को सीधे उस जगह रगड़ें। इससे ना केवल हल्के स्क्रैच को भरने में मदद मिलेगी, बल्कि लकड़ी को पोषण भी मिलेगा। इसके बाद आप फर्श को सूखे कपड़े से पोंछ लें।

## पानी के दाग करें साफ

लकड़ी के फर्नीचर पर बहुत आसानी से पानी के निशान पड़ जाते हैं। ऐसे में उन्हें साफ करने में भी लकड़ी का फर्नीचर काम आ सकता है। इसके लिए आप पानी के धब्बों को केले के छिलके से धीरे-धीरे रगड़ें। अब इसे एक साफ सूखे कपड़े से पोंछ दें, चाहें तो हल्का सा ऑलिव ऑयल भी पॉलिश के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। छिलके में मौजूद नेचुरल वैक्स दागों को हटाने में मदद करता है।

## चॉपिंग बोर्ड की करें सफाई

किचन में लकड़ी का चॉपिंग बोर्ड भी पूरी केयर मांगता है। ऐसे में उसकी सफाई करने के लिए केले के छिलके की मदद लें। चॉपिंग बोर्ड को छिलके की मदद से रगड़ें। इससे उसमें जमी चिकनाई हटती है और हल्की सी गंध भी कम होती है। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें और अच्छे से सुखा लें ताकि नमी से नुकसान न हो।

# सूखने लगा है पसंदीदा जेड प्लांट तो ऐसे रखें हरा-भरा



गर्मियों के मौसम में पौधों को खास देखभाल की जरूरत होती है। इस मौसम में पौधे सूखने लगते हैं। इसी तरह अगर आपका जेड प्लांट भी अगर सूखने लगा है, तो आप उसे 5 टिप्स की मदद से फिर से हरा भरा कर सकते हैं।

## सही मात्रा में डालें पानी

जेड प्लांट को सूखने से बचाने के लिए उसमें सही मात्रा में पानी डालना जरूरी है। जब आपके जेड प्लांट की मिट्टी ऊपरी परत1-2 इंच तक सूखी हो, तब उसमें पानी डालें। पौधे में ज्यादा पानी ना डालें। ओवरवॉटरिंग से जेड प्लांट की पत्तियां सड़ सकती हैं।

## सही धूप है जरूरी

जेड प्लांट को बहुत ही ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। ये प्लांट बहुत ही हल्की धूप में भी ग्रो करता है। इसे सीधी तेज धूप में बिल्कुल ना रखें। इससे पत्तियां जल सकती हैं। अगर पत्तियां पीली पड़ रही हैं, तो ये धूप की कमी का संकेत है। इस पौधे को रोजाना कम से कम 4-6 घंटे की धूप दिखाएं।

## तापमान का रखें खास ख्याल

अगर आपने घर के अंदर जेड प्लांट रखा है, तो तापमान का ख्याल रखना जरूरी है। इसे हमेशा ऐसी जगह पर रखें, जहां तापमान 18C से 24C हो। ये रूम टेंपरेचर पर ज्यादा अच्छे के ग्रो कर पाता। इसे आप गर्मियों में खिड़की के आसपास रख सकते हैं।

## कटिंग करते रहें

जेड प्लांट को घना बनाने और गर्मी में खराब होने से बचाने के लिए इसकी समय-समय पर कटिंग करते रहें। इससे मां लक्ष्मी के सबसे प्रिय पौधे को ग्रो करने में मदद मिलती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बदल गया एक्ट्रेस लिली का चेहरा, बोलीं- 'अच्छा हुआ...'



हाल ही में 'एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटुमेनिया' फेम अभिनेत्री इवैंजलीन लिली की सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। इस तस्वीर में उनके नाक और होंठ पर गंभीर घाव के साथ खून के धब्बे दिख रहे हैं और टांके भी लगे हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वो समुद्र तट पर बेहोश हो गई थी, जिस कारण उन्हें ये चोटें लग गई। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेहोशी के कारण का भी खुलासा किया है। अभिनेत्री लिली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी घायल अवस्था में सेल्फी शेयर की है। उस तस्वीर में एक्ट्रेस के नाक और होंठ के बीच गहरा घाव दिख रहा है, जिस कारण उनका चेहरा फूला हुआ भी है। हॉलीवुड अभिनेत्री ने पोस्ट के कैप्शन में बताया, 'मैं समुद्र तट पर बेहोश हो गई और एक चट्टान से टकराकर मुंह के बल गिर गई थी।' आगे उन्होंने लिखा, अस्पताल में नर्स और डॉक्टर तुरंत हरकत में आ गए। वे मेरे चेहरे पर बने घाव को ठीक करने की बजाय, मेरे बेहोश होने का कारण जानना चाहते थे। इसपर मैनें एक कांपती आवाज में कहा कि 'आपको कुछ नहीं मिलेगा।' पीपल की रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री ने बताया कि जब वह छोटी बच्ची थी, तब से उन्हें बेहोशी के दौरे पड़ते थे। डॉक्टरों ने तब मिर्गी की संभावना को खारिज करने के बाद कि उन्हें हाइपोग्लाइसीमिया (लो ब्लड शुगर) की बीमारी बताई। अभिनेत्री ने बताया कि जैसे-जैसे वो बड़ी होती गई उनका स्वास्थ्य सामान्य होने लगा। फिर उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह थी कि 12 घंटे के उपवास और बेहोश होने के बाद भी उनका ग्लूकोज का स्तर कभी भी कम नहीं हुआ, जो उनकी हाइपोग्लाइसीमिया की बीमारी को खारिज करता है।

पीपल की रिपोर्ट के अनुसार लिली ने स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि उनके बेहोश होने का कारण उनकी भावनात्मक भलाई से जुड़ी हो। अभिनेत्री ने कहा, 'जब दर्द बहुत अधिक हो जाता है, तनाव अत्यधिक हो जाता है, बिखरा हुआ आदर्शवाद कुचलने लगता है, तो मेरी आत्मा मेरे शरीर से बाहर निकल जाती है और मैं बेहोश हो जाती हूं। फिर एक शुद्ध आत्मा में लौट आती हूं।' उन्होंने कहा कि वह आभारी

### टॉलीवुड

## बदली 'किंगडम' की रिलीज डेट, अगले महीने तक इंतजार करना होगा फैंस को



पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की नई रिलीज डेट की जानकारी सामने आने के बाद अब विजय की फिल्म 'किंगडम' की नई रिलीज डेट सामने आ चुकी है। विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित जासूसी एक्शन ड्रामा फिल्म 'किंगडम' की रिलीज डेट एक बार फिर टल सकती है। पहले यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म अब 25 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है, क्योंकि उस तारीख पर नितिन की फिल्म 'थम्मुडु' पहले से रिलीज होना तय हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के अलावा मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। फिल्म का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज मिलकर कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'नजरवा कजरवा' में रक्षा और विकास की केमिस्ट्री ने मचा दिया धमाल



गायक गोल्डी यादव का नया गाना 'नजरवा कजरवा' रिलीज हो गया है। गाने में रक्षा गुप्ता और विकास यादव की केमिस्ट्री देखने लायक है। गोल्डी यादव की आवाज ने गाने में जान डाल दी है।अगर आप भोजपुरी म्यूजिक लवर्स हैं तो हो एक बार फिर से झूमने के लिए हो जाईये तैयार, क्योंकि लोकप्रिय गायक गोल्डी यादव का नया गाना 'नजरवा कजरवा' रिलीज हो चुका है। इस गाने में रक्षा गुप्ता और विकास यादव की केमेस्ट्री जितनी खूबसुरत है, उतनी ही कर्ण प्रिय आवाज गोल्डी यादव की है। इसलिए यह गाना रिलीज के साथ तेजी वायरल होने लगा है।

गाना 'नजरवा कजरवा' को इन सिनेमा म्यूजिक ने अपने चैनल से इसे रिलीज ही किया है। इस गाने में दर्शकों को मिलेगा ग्लैमर, मस्ती और रोमांस का जबरदस्त तड़का, जिसमें रक्षा गुप्ता और विकास यादव की जोड़ी हर किसी को दीवाना बना रही है। तो उभरते हुए लोकप्रिय गायक गोल्डी यादव की सुरीली अदायगी ने गाने में जान फूंक दी है। गाने के बोल लिखे हैं राइटर राकेश ने।

'नजरवा कजरवा' के वीडियो प्रोडक्शन की बात करें तो यह शानदार तरीके से फिल्माया गया है लक्की विश्वकर्मा के निर्देशन में। वीडियो का हर फ्रेम वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शन की गुणवत्ता को दर्शाता है। डीओपी योगेश सिंह की लेंसिंग और आनंद कुमार संतु की एडिटिंग ने गाने को विजुअली बेहद आकर्षक बना दिया है।

गाने की कोरियोग्राफी पर भी खासा ध्यान दिया गया है — लक्की विश्वकर्मा और उनकी टीम ने हर स्टेप को ऊर्जा और भाव से भर दिया है। विद्या द्वारा डिजाइन किए गए कॉस्ट्यूम्स और इम्पायर स्टूडियो द्वारा बनाए गए पोस्टर इस प्रोजेक्ट को प्रोफेशनल टच देते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### लेदर का फैशन



यह कोई रहस्य नहीं है कि गर्मी के मौसम में लेदर का फैशन खूब निखर कर सामने आता है। न्यूयार्क फैशन वीक की बात करें तो शानदार चमड़े ने कई प्रमुख कलेक्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशेष रूप से, टॉड्स, बालेंसीगा, टर्न स्टूडियो और फेरागामो जैसे लेबलों में स्लीक लेदर मिडिस्कर्ट की झलक को नज़रअंदाज़ करना मुश्किल था।

## बिना केमिकल वाला मॉइश्चराइजर अब घर पर करें तैयार, हर मौसम में होगा फायदेमंद

यदि आपको बाजार में मिलने वाले मॉइश्चराइजर सूट नहीं करते तो घर पर आसान विधि से इसे तैयार करें। यहां हम आपको मॉइश्चराइजर बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। वैसे तो बाजार में तमाम तरह के मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जो स्किन टाइप के हिसाब से ही होते हैं, पर कई बार ये किसी को सूट नहीं करते। ये मॉइश्चराइजर काफी महंगे भी आते हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग इसे खरीदने से भी बचते हैं।

इसी परेशानी को देखते हुए आप घर पर भी मॉइश्चराइजर तैयार कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको आसान विधि से मॉइश्चराइजर तैयार करना बताएंगे। खास बात ये है कि इसे तैयार करने के लिए न तो किसी केमिकल की और न ही ज्यादा पैसों की जरूरत पड़ेगी। घर पर मॉइश्चराइजर बनाने एलोवेरा जेल–2, टेबलस्पून,नारियल तेल/बादाम तेल–1 टेबलस्पून, ग्लिसरीन–1 टीस्पून, विटामिन ई कैप्सूल और एसेंशियल ऑयल चाहिए।

### मॉइश्चराइजर बनाने की विधि

मॉइश्चराइजर बनाने के लिए सबसे पहले आपको सभी सामानों को अच्छी तरह से मिक्स करने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल और नारियल/बादाम तेल मिलाएं। इसके बाद उसमें ग्लिसरीन और विटामिन ई कैप्सूल का तेल मिलाएं।

यदि आपको खुशबू पसंद है तो इसमें एसेंशियल ऑयल मिक्स करें। सामानों को मिक्स करने के बाद सबको अच्छे से फेंटें जब तक



क्रीम जैसा टेक्सचर न बन जाए। बस ये मॉइश्चराइजर तैयार है। अब इसे एक साफ एयरटाइट कंटेनर में भरकर फ्रिज में रख सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल ?

अब जब आपने घर पर ही मॉइश्चराइजर बनाकर तैयार कर लिया है तो इसे रोजाना सुबह और रात को साफ चेहरे पर लगाएं। यदि आपके हाथ-पैर काफी रूखे हैं तो आप उनपर भी इस मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा।

## शरारा और गरारा में फर्क खरीदने से पहले जरूर जानें



महिलाएं आज के समय में ऐसे कपड़े पहनना ज्यादा पसंद करती हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि पहनने में कंफर्टेबल भी हों। कपड़े जितने आरामदायक होंगे, उन्हें उतनी ही देर तक पहना जा सकेगा। ऐसे में उन्हें शरारा सूट काफी पसंद आता है।

शरारा और गरारा ये दो अलग-अलग आउटफिट होते हैं, जबकि ज्यादातर महिलाएं इन्हें एक जैसा ही समझती हैं। खरीदते वक्त भी वो ध्यान नहीं देतीं कि उन्होंने गरारा खरीदा है या फिर शरारा। इसी के चलते हम आपको शरारा और गरारा में फर्क आपको बताएंगे, ताकि आप अपने लिए सही आउटफिट का चयन कर सकें।

### कैसा होता है शरारा ?



सबसे पहले तो ये जान लें कि शरारा क्या होता है। शरारा एक तरह का प्लाजो ही होता है, जिसमें नीचे की तरफ काफी घेर होता है। इसमें किसी तरह का कोई जोड़ नहीं होता। ज्यादातर शरारा में गोटा-पट्टी का काम होता है। यदि कुर्ता हैवी है तो कई बार शरारा में सिर्फ घेर पर काम होता है।

### कैसा होता है गरारा ?



शरारा से गरारा सिर्फ इसलिए अलग होता है, क्योंकि उनमें जोड़ होता है। इसकी पहचान है कि इसमें घुटने के थोड़ा नीचे या फिर थोड़ा ऊपर एक जोड़ होता है। इसी जोड़ पर गरारा से घेर को अटैच किया जाता है। ये घुटनों तक अच्छी फिटिंग का यानी कि टाइट होता है, और घुटनों से नीचे इसमें घेर होता है।

### शरारा के साथ क्या-क्या पहन सकते हैं ?

यदि आप शरारा पहन रही हैं तो इसके साथ शॉर्ट कुर्ती, नी लेंथ कुर्ती कैरी कर सकती हैं। इसका लुक ज्यादातर एथनिक ही रहता है, जिस कारण आप इसे अपने कलेक्शन में अवश्य शामिल करें।

### गरारा के साथ क्या-क्या पहन सकते हैं ?

यदि गरारा पहनना है तो इसको आप एथनिक के साथ-साथ इंडो वेस्टर्न के अंदाज भी कैरी कर सकती हैं। ये क्रॉप टॉप, ब्लेजर के साथ भी काफी कमाल का लगता है।

## फंक्शन में चार-चांद लगा देंगे खास चांदबाली के झुमके, देखें डिजाइंस

किसी भी फंक्शन के मौके पर एक महिला खुद को खूब सजा-संवारकर खूबसूरत लुक देना चाहती है। यदि आपको किसी भी फंक्शन में अपना लुक परफेक्ट और ब्यूटीफुल बनाना है, तो उसके लिए चांदबाली झुमके बेस्ट हैं।

### कलरफुल बीड्स चांदबाली झुमके

यदि आपको अपना लुक खूबसूरत और एलिगेंट बनाना है, तो उसके लिए इस तरह के मीनाकारी चांदबाली झुमकों को ट्राई कर सकती हैं। इस झुमके में नीचे की साइड कलरफुल बीड्स भी लगे हुए हैं। ऐसे में आप इनको उस एथनिक ऑउटफिट के संग कैरी कर सकती हैं। जिसमें गोल्डन वर्क किया गया हो। इन झुमकों को पहनने के बाद अलग ही ग्रेस आता है। यह आपको आसानी से ऑनलाइन मिल 300 से 500 रुपये तक के बीच मिल जाएंगे।

### पर्ल विद मीनाकारी वर्क चांदबाली झुमके

किसी भी फंक्शन में अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए यह पर्ल विद मीनाकारी चांदबाली झुमके बेस्ट हैं। इनको



पहनकर आपका लुक बेहद क्लासी लगता है। खासकर यह इयररिंग्स लहंगों पर बहुत परफेक्ट लुक देते हैं। इनको आप किसी भी छोटे-बड़े फंक्शन के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस तरह के चांदबाली झुमके आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन मिल जाते हैं।


### कुंदन चांदबाली झुमके

रॉयल लुक के लिए आप कुंदन वर्क वाले चांदबाली झुमकों से नजरें नहीं हटा सकती हैं।कुंदन झुमके बहुत समय से पसंद किए जाते रहे हैं। ऐसे में यह आपके हर फंक्शन में लुक को ग्रेसफुल बना देंगे।

## गर्मी में बालों से आती है अजीब सी बदबू गुलाब जल और लौंग की मदद जरूर लें

अगर गर्मी के मौसम में आपके बालों से अजीब सी महक आती है तो ऐसे में आप गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट बता रही हैं कि गुलाब जल और लौंग की मदद से हेयर परफ्यूम किस तरह बनाएं- लौंग सिर में रुसी को कम करने के साथ-साथ फंगल इंफेक्शन से बचाता है। इतना ही नहीं, इससे बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है। वहीं, गुलाब जल स्कैल्प को ठंडक देता है और इससे बालों से हल्की खुशबू आती है। जब इन दोनों की मदद से हेयर परफ्यूम बनाया जाता है तो इससे ना केवल पसीने की बदबू दूर होती है, बल्कि आपके बाल अधिक फ्रेश फील करते हैं। इस हेयर परफ्यूम से हल्का एंटी-बैक्टीरियल असर भी होता है। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच लौंग, एक कप गुलाब जल, 3-4 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल और एक साफ़ स्प्रे बॉटल रख लीजिए।

### हेयर परफ्यूम कैसे बनाएं



सबसे पहले एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच लौंग डालकर 5-7 मिनट तक उबालिए। अब इसे ठंडा करके छान लीजिए। अब एक बाउल में आधा कप लौंग का पानी और आधा कप गुलाब जल मिलाइए। साथ ही, इसमें 3-4 बूंद एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स कीजिए। तैयार मिश्रण को एक साफ़ स्प्रे बॉटल में डाल दीजिए। हर बार इस्तेमाल से पहले हल्का हिला लीजिए।

नहाने के बाद या जब भी बालों में ताज़गी चाहिए, हल्के से बालों की लेंथ पर स्प्रे करें। इसे थोड़े-थोड़े गीले बालों पर इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

### कार्नर न्यूज

### कम खर्च में संवर जाएगी आपकी हेयर स्टाइल

## हेयर स्टाइल में चार चांद लगाएंगी आसानी से मिलने वाली एक्सेसरीज, खिल उठेगा रूप-रंग

अगर आप मंहगी हेयर एक्सेसरीज नहीं खरीदना चाहतीं तो घर में मौजूद पुराने रिबन, क्लिप्स और लेस से भी आकर्षक हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को संवार सकती हैं। आजकल महंगी हेयर एक्सेसरीज फैशन का हिस्सा बन गई हैं, लेकिन ये न केवल महंगी होती हैं, बल्कि बालों में फंसकर उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। ऐसे में घर में रखे पुराने रिबन, लेस और क्लिप्स से आप सुंदर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) हेयर एक्सेसरीज बना सकती हैं। ये एक्सेसरीज बालों को बिना नुकसान पहुंचाए खूबसूरती से सजाती हैं और पारंपरिक तथा मॉडर्न, दोनों लुक में शानदार लगती हैं।

### रिबन चोटी

अगर आप किसी त्योहार या शादी के फंक्शन के लिए तैयार हो रही हैं तो रिबन की चोटी आपके लुक में चार चांद लगा सकती है। इसके लिए आपको कोई भी पुराना लेस या रिबन लेना होगा, जो रंगीन और चमकीला हो तो बेहतर होगा। बालों के एक हिस्से में रिबन को



अच्छी तरह फंसाएं और फिर सामान्य तरीके से चोटी बनाएं। इस तरह की चोटी न केवल सिंपल और आसान होती है, बल्कि यह आपके ट्रेडिशनल लुक को भी खास तथा आकर्षक बना देती है।

### क्लिप और लेस

इसके लिए सबसे पहले क्लिप की सतह को साफ करें। फिर अपनी पसंद के रंगीन या मिरर वर्क वाले लेस को क्लिप के आकार के अनुसार काट लें। इसके बाद क्लिप पर गोंद की मदद से लेस को सावधानी से चिपकाएं। आप लेस के किनारों को थोड़ा फोल्ड करके क्लिप में बेहतर फिट कर सकती हैं। चाहें तो छोटे फूलों या मोतियों से भी क्लिप को और सजाया जा सकता है। इस तरह की सजावट क्लिप्स को ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बनाती है, जो किसी भी खास मौके पर शानदार लगेगी।

### पोनीटेल बो

ट्रेडिशनल हो या मॉडर्न, यह दोनों तरह के लुक के लिए परफेक्ट है, खासकर बच्चों पर यह ज्यादा आकर्षक लगता है। इसके लिए पहले हाई या लो पोनीटेल बनानी होगी, फिर रबर के चारों ओर लेस घुमाते हुए इसे कवर करें। अब आगे की ओर लेस से एक बो बना दें।

### जूड़ा पिन

साधारण-सी प्लेन जूड़ा पिन को सजाकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। इसके लिए आप रंगीन लेस को छोटे-छोटे फूलों के आकार में काट लें। अब इसके बीच में बटन या कार्टन के छोटे टुकड़े लगाएं, ताकि लेस से बने फूल सीधे रहें। अब फूलों को जूड़ा पिन के अंत में चिपका दें। इन्हें कुछ घंटों के लिए सूखने दें, ताकि ये अच्छी पकड़ बना लें। अब आप अपने जूड़े में इन्हें सजा सकती हैं और हर मौके पर खास दिख सकती हैं।

### बन में रिबन

अगर आप त्योहार या शादी के किसी फंक्शन में साड़ी, सूट, लहंगा आदि जैसी ट्रेडिशनल ड्रेस पहन रही हैं तो इन कपड़ों पर बन में बंधा रिबन स्टाइल काफी आकर्षक लगेगा। इसके लिए आपको पहले सामान्य तरीके से बालों में बन बनाना होगा। घर में मौजूद कोई भी पुराना रिबन या लेस लेकर उसे अपने बालों पर लपेटना शुरू करें। पूरे बन को लेस से कवर कर दें। आखिर में किसी कोने में उसे रबर के नीचे दबा दें या फिर जूड़ा पिन की मदद से उसे फिक्स करें।